दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली । मंगलवार 19 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 326 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# फिर हिंसा की आग में जल उठा मणिपुर
## दो दिन और बढ़ाया गया इंटरनेट बैन

मणिपुर। मणिपुर के हिंसा प्रभावित जिलों में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया गया। इससे पहले मणिपुर सरकार ने शनिवार शाम 5:15 बजे से दो दिनों के लिए मणिपुर के सात जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। सरकारी आदेश के अनुसार प्रभावित जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कनकपोकपी और चुराचांदपुर हैं। टेलीकॉम सस्पेंशन ऑफ सर्विसेज (पब्लिक इमरजेंसी या पब्लिक सेफ्टी) रूल्स, 2017 के तहत जीओएम ने कहा है कि राज्य के कुछ हिस्सों में मौजूदा संघर्ष के कारण शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव में गंभीर गड़बड़ी होने की संभावना है। इसके द्वारा वीएसएटी, ब्रॉडबैंड (आईआईएल और एफटीटीएच) और वीपीएन सेवाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं पर अस्थायी निलंबन/रोक लगाने का आदेश दें।



मणिपुर में स्थिति अस्थिर बनी हुई है और शनिवार को बड़े पैमाने पर हुई आगजनी के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जहां विधायकों और मंत्रियों के घरों को निशाना बनाया गया। इंफाल में राजभवन और बीजेपी के पार्टी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया. रविवार को प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू के बावजूद सड़कों पर लोहे की सलाखें रख दीं। एक भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिले के लुवांगशांगबाम में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास में घुसने की कोशिश की। हालांकि, सुरक्षा बल उनके प्रवेश को विफल करने में कामयाब रहे। हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले में छह लापता महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद भीड़ उग्र हो गई है। कुछ शव, जिनकी अभी तक परिवार के सदस्यों द्वारा पहचान नहीं की गई है, माना जाता है कि ये जिरीबाम जिले में 11 नवंबर से लापता छह महिलाओं और बच्चों के हैं।

# सांसद अतुल गर्ग ने की जनता से मतदान की अपील, कहा-
## ऐसे लोगों से बचें जो केवल चुनाव लड़ने ही आते हैं और हारकर चले जाते हैं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा में बुधवार को मतदान होना है। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद ये सीट रिक्त हुई और इस पर उपचुनाव हो रहा है। सांसद अतुल गर्ग राजनीति से अलग सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बात करते हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने चुनाव को लोकतंत्र महोत्सव बताया और मतदान को इस महोत्सव की सबसे बड़ी शान बताया। उन्होंने कहा कि मामला राजनीतिक दलों का नहीं है मामला मतदाता की जागरूकता है। उन्होंने मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुए कहा कि अच्छे लोगों का साथ देना चाहिए, मतदाताओं को ऐसे चेहरों से दूर रहना चाहिए जो केवल चुनाव लड़ने के आते हैं और फिर चुनाव हारने के बाद दिखाई भी नहीं देते हैं।

उन्होंने कहा कि राजनीति में सेवा प्रवृति वाले तथा देशसेवा को प्राथमिकता देने वाले चेहरों को मतदाताओं का प्यार मिलना चाहिए। रोड शो को लेकर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ऐसे आयोजन से लोकतंत्र महोत्सव यानी चुनाव में मतदाता का मन बनता है, उसमें उत्साह का संचार होता है। एक भाव जागृत होता है कि उन्हें मतदान करना है और अपने विधायक को चुनना है। रोड शो से चुनाव वाली फील आती है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि अधिक से अधिक मतदान करें और मतदात कम से कम साठ प्रतिशत जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत तय है, लेकिन अधिक मतों से जीत होती है तो विधायक के कंधों पर भी जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का दायित्व आता है।

# सोमवार को भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता
## 20 दिन से थमा हुआ है कचहरी का कामकाज

### अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज का लगातार जारी है विरोध और प्रदर्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कचहरी में बीते 20 दिनों से काम नहीं हो रहा है। कचहरी में कामकाज बंद होने की वजह से यहां की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरीके से ठप पड़ी हुई हैं। वहीं अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी हड़ताल के 20वें दिन कामकाज बंद रखते हुए जिला जज का बहिष्कार करने के साथ ही तबादला और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करते हुए अधिवक्ताओं को मुआवजे देने की मांग का आंदोलन जारी रखा।

उधर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि यह आंदोलन जिला जज पर कार्रवाई होने तक जारी रहेगा। उधर गाजियाबाद बार एसोसिएशन को लगातार अलग-अलग जनपदों की बार की ओर से समर्थन मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी कई अलग-अलग जिलों से बार एसोसिएशन गाजियाबाद को समर्थन वाले पत्र भेजे गए हैं।

**एक महीना पूरा होने पर हाई कोर्ट का होगा जोरदार घेराव :** अधिवक्ताओं पर 29 अक्टूबर को कचहरी गाजियाबाद में जिला जज कोर्टरूम में लाठीचार्ज हुआ था। लाठीचार्ज की कार्रवाई के बाद लगातार अधिवक्ता हड़ताल और आंदोलन चला रहे हैं। वहीं 16 नवंबर को गाजियाबाद में अधिवक्ताओं की जो महापंचायत हुई थी, उसमें फैसला लिया गया है कि 29 नवंबर को हाई कोर्ट का घेराव किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के अधिवक्ता और अलग-अलग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व पदाधिकारी भाग लेंगे। अधिवक्ता प्रमुख रूप से पांच मांगे कर रहे हैं। जिसमें पहली है जिला जज को हटाया जाए। इसके साथ ही जिन पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज किया था, उनपर कार्रवाई हो। जो अधिवक्ता घायल हुए उनको मुआवजा मिले। वहीं पुलिस द्वारा जो एफआईआर दर्ज की गई है, उसको तत्काल वापस लिया जाए। किसके साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एक्ट लाया जाए ।

### उपचुनाव के चलते 20 नवंबर को बंद रहेगी कचहरी



करंट क्राइम : 20 नवंबर को गाजियाबाद में विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होना है। उपचुनाव की वजह से जिला जज ने 20 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश कचहरी में भी घोषित कर दिया है। उधर अधिवक्ताओं ने कहा है कि वह अपना विरोध और आंदोलन जारी रखेंगे। बता दें की गाजियाबाद सहित उत्तर प्रदेश के 40 जनपदों में लगातार गाजियाबाद की घटना की निंदा करते हुए अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है।

### महिला अधिवक्ताओं ने फिर संभाली आंदोलन की कमान



करंट क्राइम सोमवार को दोबारा से एक बार फिर अधिवक्ताओं की हड़ताल को मजबूती प्रदान करने के लिए कमान महिला अधिवक्ताओं को दी गई थी सोमवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के धरना प्रदर्शन वाले कार्यक्रम में मंच पर महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी अधिक देखने को मिली है बता दें कि गाजियाबाद बार एसोसिएशन में कई महत्वपूर्ण पदों पर महिला अधिवक्ता काबिज हैं और वह पूरे आंदोलन में प्रमुखता के साथ भाग ले रही है और अधिवक्ताओं की आवाज को बुलंद करने का काम भी कर रही हैं।

# रोड शो के जरिए भाजपा ने दिया जन समर्थन वाला संदेश
## बजरिया से लेकर नवयुग मार्केट तक नजर आया जनता का जोश और उत्साह



### - जगह-जगह हुआ भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का जोरदार स्वागत
### - सांसद, कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, महापौर, पूर्व महापौर व प्रत्याशी संजीव शर्मा की पत्नी भी रोड शो में हुई शामिल, मांगे वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लंबा रोड शो बजरिया गुरुद्वारे से शुरू होकर घंटाघर, चौपाला मंदिर, सिहानी गेट, दुर्गा भाभी चौक होते हुए शहीद स्थल, नवयुग मार्केट पर जाकर संपन्न हुआ।

इस लंबे रोड शो के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और व्यापार मंडल से लेकर आम नागरिकों ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का जगह-जगह स्वागत किया। इस मौके पर रोड के दौरान कार्यकर्ताओं ने कमल का फूल खिलाने की अपील की। रोड शो में बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला था, तो भारतीय जनता पार्टी के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री बृजेश सिंह, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा ,अशु वर्मा, बलदेव राज शर्मा, सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू और भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता वाहनों और पैदल काफिले के रूप में रोड शो में शामिल हुए।

### गुरुद्वारे से लेकर मंदिर तक हुआ स्वागत, पुष्प वर्षा से माहौल हुआ भगवामय

करंट क्राइम : भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट के मतदाताओं को साधने का काम किया। तो वहीं लोगों का इस दौरान समर्थन और व्यापारियों के द्वारा उनका स्वागत वाला सीन भी नजर आया। बजरिया गुरुद्वारे पर जहां उन्होंने पहले गुरुद्वारे से अपने रोड शो की शुरूआत की, तो यह रोड शो चौपला मंदिर होता हुआ नवयुग मार्केट में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी और व्यापार मंडल की ओर से संजीव शर्मा का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। कई स्थानों पर गीत, संगीत और आतिशबाजी के जरिए भी रोड शो में शामिल भाजपा नेताओं का अभिनंदन किया गया। इस दौरान इस पूरे मार्ग पर दूर तक भारतीय जनता पार्टी के झंडे और हिंदुत्व वाले नरूका शोर सुनाई दिया। वहीं रोड शो के समापन पर संजीव शर्मा ने सभी महापुरुषों के चित्र पर माला चढ़ाई और भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए।



### खूब बजे हिंदुत्व वाले गीत और लगे बंटेंगे तो कटेंगे के नारे

करंट क्राइम : भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के रोड शो के दौरान जो स्वागत हुआ उसमें देश भक्ति गीतों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रचार गीत बज रहे थे। इस दौरान कई स्थानों पर बटेंगे तो कटेंगे की पोस्टर भी लगाए गए थे। तो वहीं मंचों से भी इस नारे का जमकर इस्तेमाल हो रहा था। कुल मिलाकर रोड शो के दौरान जिस तरीके से लोगों ने फूल-मालाओं और आतिशबाजी से स्वागत किया वह संजीव शर्मा की जीप बता रही थी जो फूल मालाओं से आधी भरी व लगी नजर आ रही थी।



### पत्नी रितु और महापौर सुनीता दयाल ने भी लिया रोड शो में भाग





करंट क्राइम : सोमवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था और चुनाव प्रचार के दिन रोड शो के जरिए भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने अपनी ताकत प्रदर्शित करने का काम किया। रोड शो में खुद भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा की पत्नी रितु शर्मा पति संजीव शर्मा के लिए वोट मांगने रोड शो में शामिल हुई थी। उसके साथ ही गाजियाबाद की महिला महापौर सुनीता दयाल भी गाड़ी का रूफ खोलकर हाथ में भाजपा का झंडा लेकर लोगों का फूल फेंक कर स्वागत कर रही थीं। तो उनसे भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट भी मांग रही थी। इस दौरान पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पृथ्वी सिंह, चुनाव संयोजक सुनील यादव, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, बॉबी त्यागी, संदीप त्यागी, प्रदीप चौधरी, अनुज मित्तल, डा. उदिता त्यागी, रनीता सिंह, मोनिका पंडिता, रूबी अग्रवाल, प्रीती चंद्रा, लवली कौर, दिवाकर सिंघल, धीरज शर्मा, कुंजन पंडित, संजय त्यागी, रुद्र प्रताप त्यागी, सचिन सोनी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी अपने वाहनों और रोड शो में पैदल चलते हुए भी नजर आए।





### संजीव शर्मा की जीप पर सवार हुए तीन मंत्री, सांसद और विधायक

करंट क्राइम : संजीव शर्मा के रोड शो के दौरान वह एक खुली जीप में सवार थे। उनकी जीप की स्टेरिंग बॉबी त्यागी ने संभाली हुई थी। तो वह खुली जीप में लोगों से हाथ जोड़कर वोट मांग रहे थे और उनका अभिवादन व आशीर्वाद ले रहे थे। इस दौरान संजीव शर्मा के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, बृजेश सिंह, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल मुख्य रूप से साथ थे। इस दौरान संजीव शर्मा का काफिला जिस भी बाजार से गुजरा वहां के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा करके भाजपा नेताओं का स्वागत करते देखे गए।

# किसानों ने नोएडा प्राधिकरण में लगाया ताला

## भाकियू (मंच) ने 81 गांवों के किसानों की मांगों को लेकर किया प्रदर्शन





**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर धरना दिया और प्राधिकरण पर तला लगा दिया। ये धरना भारतीय किसान यूनियन मंच के बैनर तले किया जा रहा है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों का शोषण किया है। उन्होंने कहा नोएडा प्राधिकरण ने भूमि अर्जित करते समय किसानों से किए करार और समझौता को पूरा नहीं किया, भाकियू मंच 81 गांवों के सभी किसानों को उनका हक दिलाकर ही रहेगी।

### सेक्टर की तर्ज पर हो गावों का विकास

सभी किसान दोपहर 12 बजे तक हरौला सेक्टर- 5 के बारात घर पहुंचे और यहां से सभी इकट्ठा होकर नोएडा प्राधिकरण के लिए पैदल मार्च करते हुए गए। उन्होंने बताया, नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र के 81 गांवों के किसानों की प्रमुख मांग है कि किसानों को मूल 5 प्रतिशत के प्लॉट नहीं मिले हैं, उन सभी किसानों को 5 प्रतिशत के मूल प्लॉट दिए जाएं।

सुधीर चौहान ने कहा जिन किसानों के न्यायालय से आदेश आ चुके हैं उन सभी किसानों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत के भूखंड या धनराशि दी जाए और सभी 81 गांवों का विकास सेक्टर की तर्ज पर किया जाए।

### 81 गांव के किसानों को मिले उनका हक

भाकियू मंच अध्यक्ष ने कहा, 'किसानों को वर्ष 1997 से 64.7 प्रतिशत मुआवजा और 10 प्रतिशत के विकसित भूखंड सभी किसानों को दिया जाए। नोएडा के सभी 81 गांव के किसानों की आबादी को 450 मीटर से एक हजार मीटर करते हुए आबादी का संपूर्ण समाधान किया जाए। 1976 से वर्ष 1997 तक के सभी किसानों को कोटा स्कीम के प्लॉट आवंटित करें। नोएडा प्राधिकरण के गांवों में स्वामित्व योजना लागू की जाए। गांवों में नक्शा नीति समाप्त की जाए।'

# प्लास्टिक की फैक्ट्री में लगी आग, दो फ्लोर तक फैली, दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट क्षेत्र के सिहानी चुंगी के पास एक फैक्ट्री में आग लग गई। चार फायर टेंडर मौके पर मौजूद हैं। फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर में आग लगी है। फैक्ट्री में प्लास्टिक का दाना बनाया जाता है। आग किन कारणों से लगी इसकी पड़ताल की जा रही है।

गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि गाजियाबाद के फायर स्टेशन कोतवाली को टेलीफोन के जरिए सूचना दी गई कि थाना सिहानी गेट के सिहानी चुंगी के पास दीवान प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगी हुई है। यह फैक्ट्री प्लॉट नंबर 1 पंजाब एक्सप्लोर कंपाउंड मेरठ रोड पर स्थित है। कंपनी के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर में आग लगी है। इस फैक्ट्री में प्लास्टिक दाना बनाने का काम होता है। मौके पर चार दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची है। जिन्होंने हौज पाइप फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

# नोएडा में बीजेपी नेता के भतीजे ने की फायरिंग

## घर के बाहर कारतूस के 12 खाली खोखे मिले



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में एक घर के बाहर बीजेपी नेता के भतीजे ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। होशियारपुर गांव में शुक्रवार तड़के चार बजे के करीब हथियार से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले युवक और उसके साथियों को सेक्टर-49 थाने की पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### पुलिस दे रही है आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घटना का दो मिनट चार सेकेंड का एक और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें पुलिस कारतूस के खोखे गिन रही है। कारतूसों को सफेद गोले में कवर किया गया है।वीडियो में मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद दिख रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मी स्थानीय लोगों से बातचीत करते भी नजर आ रहे हैं। पुलिस को यहां से करीब 12 खोखे मिले हैं।

### तड़के चार बजे की घटना

होशियारपुर गांव निवासी कपिल यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शुक्रवार रात को वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोए हुए थे। तड़के चार बजे के करीब घर के बाहर फायरिंग की आवाजें आने लगी। शिकायतकर्ता और उसके परिजन जब डर से बाहर निकले तो देखा कि सोरखा गांव का राहुल यादव अपने अन्य साथियों के साथ लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर रहा है। वीडियो में मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद दिख रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मी स्थानीय लोगों से बातचीत करते भी नजर आ रहे हैं। होशियारपुर गांव निवासी कपिल यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शुक्रवार रात को वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोए हुए थे। तड़के चार बजे के करीब घर के बाहर फायरिंग की आवाजें आने लगी। शिकायतकर्ता और उसके परिजन जब डर से बाहर निकले तो देखा कि सोरखा गांव का राहुल यादव अपने अन्य साथियों के साथ लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर रहा है।

जब शिकायतकर्ता ने फायरिंग की वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके घर की तरफ भी फायरिंग की। इसके बाद आसपास के लोग भी जाग गए और मौके पर पहुंचे। राहुल और उसके साथियों ने गाली गलौज करने के बाद शिकायतकर्ता और उसके परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। अब पीड़ित और उसके परिवार के लोगों को अनहोनी होने का डर सता रहा है। राहुल भाजपा नेता का भतीजा बताया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### युवक को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल



**मोदीनगर करंट क्राइम।** देर रात्रि दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक की ओर से पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बलवंतपुरा निवासी दीपक कुमार जब रात घर से घूमते हुये सीकरी फाटक पर पहुंचा तभी उसकी किसी बात को लेकर अल्ताफ नामक युवक से कहासुनी हो गयी। कहासुनी के चलते अल्ताफ पक्ष के लोगों ने दीपक को घेर लिया और गाली गलौच करते हुये लाठी डंडों से उस पर हमला बोल दिया, जिससे उसकी कमर व सिर पर गभीर चोटें आई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस देख आरोपी भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में अल्ताफ, आमिर खान, तरूण, निखिल, अनुज व अंकित निवासी सीकरी रोड के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### रोडरेज में किसानों को रॉड मारकर किया घायल



**मोदीनगर करंट क्राइम।** हापुड़ मार्ग पर गांव गदाना के पास देर रात को रोडरेज के चलते लोहे से रॉड से वार कर शुगर मिल में गन्ना डालकर आ रहे किसानों को घायल कर दिया। किसानों ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। गांव भोजपुर निवासी किसान अंकुश व आदेश अलग-अलग ट्रैक्टर से मोहिउद्दीनपुर शुगर मिल में गन्ना डालकर आ रहे थे। जब वह मोदीनगर हापुड मार्ग पर पहुंचे तो पीछे से आ रही दूध की गाड़ी ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाईडर पर चढ़ गया। इस बात को लेकर किसानों व गाड़ी चालक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी गाड़ी चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोहे के रॉड से वार कर किसान अंकुश व आदेश को घायल कर दिया। मारपीट करने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित किसानों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### कुत्ते के घर के सामने गंदगी करने से टोकने पर महिला की पिटाई

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कुत्ते द्वारा की गई गंदगी का विरोध करना एक महिला को महंगा पड़ा। दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। ब्रह्मपुरी कॉलेनी निवासी राजकुमारी परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि पड़ोस का कत्ता मेरे घर के बाहर गंदगी करता है। कई बार इसका विरोध किया, लेकिन पड़ोसी अपनी हरकत से बाज नहीं आए। गुरुवार सुबह भी कुत्ते ने महिला के घर के बाहर गंदगी कर दी। जब महिला ने इसका विरोध किया तो कहासुनी हो गई। विरोध करने पर दबंगों ने महिला को घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर में हो रहे निकाह को रूकवाया, हिन्दूवादी संगठनों में रोष

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक मंदिर में दूसरे समुदाय के द्वारा निकाह कार्यक्रम की सूचना पर पंहुचे हिन्दूवादी नेता नीरज शर्मा ने निकाह कार्यक्रम को गैर कानूनी बताते हुये अपना विरोध जताया। सूचना पर पंहुची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गोविन्दपुरी स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार की सांय दूसरे समुदाय के कुछ लोग एक निकाह कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। इसके लिये टैंट व खाने पीने की पूरी व्यवस्था की हुई थी। सूचना पर हिन्दू युवा वाहिनी के नेता नीरज शर्मा अपनी टीम के साथ मंदिर परिसर में पंहुचे और मंदिर की पवित्रता को देखते हुये उन्होंने इसका विरोध करते हुये पुलिस को सूचना थी। इसी बीच दर्जनों की संख्या में कई हिन्दूवादी संगठनों के लोग भी मंदिर पंहुचे और अपना विरोध जताया। मंदिर की कमेटी के सदस्यों द्वारा मुस्लिम समाज की शादी मंदिर के अंदर करायें जाने पर आपत्ति जाहिर करते हुये लोगों ने अपना गुस्स जाहिर किया। सुदामापुरी कॉलोनी निवासी एक दूसरे समुदाय की युवती का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से मंदिर परिसर में कराया जा रहा था। वर पक्ष के लोग लोनी जनपद गाजियाबाद के बताये जा रहे है। नीरज शर्मा ने टैंट के स्वामी व आरोपियों के विरूद्व कार्रवाही की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नीरज शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरूद्व कार्रवाही की मांग की है।

### तहसील बार एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन मोदीनगर पूर्ण रूप से बार एसोसिएशन गाजियाबाद का समर्थन करते हुए ग्रामीण न्यायालय व तहसील न्यायालयों से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहते हुए पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय सोमवार को पारित किया गया। सोमवार को आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को पूर्ण रूप से रजिस्ट्री कार्य बन्द रखा जायेगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद एवं सदर तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद व बार एसोसिएशन लोनी द्वारा रजिस्ट्री कार्य को पूर्ण रूप से बन्द किए जाने के सम्बन्ध में अगर कोई लिखित सूचना दी जाती है तो बार एसोसिएशन मोदीनगर उक्त लिखित सूचना प्राप्त हो जाने के पश्चात अपना समर्थन करते हुए तहसील मोदीनगर स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पूर्ण रूप से रजिस्ट्री कार्य को बन्द किए जाने का निर्णय लेने को भी तैयार रहेगी। बैठक के दौरान बार एसोसिएशन मोदीनगर के सचिव सौरभ मुदगल एडवोकेट, प्रेमवीर राठी, कुलदीप बंसल, अजीत कुमार, अजय राठी, विनोद तेवतिया, राजकुमार त्यागी, जगवीर सिंह, धर्मप्रकाश, जय सिंह, प्रवीण कुमार, भुवनेश्वर शर्मा, रणवीर सिंह बैंसला, अमरदीप नेहरा, आशीष नरेश, अनुराग गुप्ता, एमपी सिंह, जसवीर सिंह, जयकिशन फतेहवार, सुदेश शर्मा, निशान्त त्यागी, राजकुमार चैधरी, तेजवीर सिंह, श्रीओम त्यागी, सेन्सरपाल सिंह, नितिन कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, राजकुमार गुप्ता, उन्मेश शर्मा, रविन्द्र चैधरी, सचिन दीक्षित, कपिल त्यागी, धीरज कौशिक, ओमवीर सिंह, जयप्रकाश बंसल, जगपाल सैनी, सुनील तेवतिया, हरेन्द्र जाटव, राकेश कुमार व नकुल त्यागी आदि अधिवक्तागण मौजूद रहें।

# वेव सिटी क्षेत्र में युवक ने कहासुनी के बाद भाभी की कर दी हत्या






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी क्षेत्र के गांव बम्हेटा में मां और उसकी तीन माह की बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी गई। युवक ने भाभी से विवाद होने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। महिला के पति ने अपने छोटे भाई पर ही हत्या का आरोप लगाया है।

पूरे मामले में पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में आया कि महिला और बच्ची की गला दबाकर हत्या की है, देवर की गिरफ्तारी के बाद ही पूरा मामला पता चल सकेगा।

### यह है पूरा मामला

बम्हेटा गांव निवासी बुरहान की पत्नी परवीन (30 साल) अपनी 3 माह की बेटी को गोद में लेकर घर के आंगन में बैठी थी। आरोप है कि महिला का देवर घर में आया और किसी बात को लेकर आरोपी और उसकी भाभी परवीन में कहासुनी हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि कहासुनी के दौरान आरोपी देवर ने दुपट्टे से भाभी परवीन का गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद 3 माह की भतीजी की भी उसी दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी।

# पति ने कमरे में किया सुसाइड, एक दिन पहले लौटा था घर, सुबह पत्नी को लटका मिला शव

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में कोतवाली देहात इलाके के मोहल्ला इंद्रलोक कॉलोनी में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला इंद्रलोक कॉलोनी में 32 वर्षीय नीरज शर्मा ड्राइविंग कर परिवार का लालन पालन करता था। रविवार की देर शाम वह घर लौटा। जिसके बाद वह छत पर बने कमरे में सोने के लिए चला गया। सोमवार की सुबह उसकी बेटी अपने पिता को उठाने के लिए गई तो कमरा बंद था। जिसके बाद उसने अपनी मां को बताया। मां कमरे में गई तो उसको फांसी के फंदे से शव लटका मिला।

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पर देहात पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जिसने शव को नीचे उतारा और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि प्रथम द्दश्यता पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या लग रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च को खत्म होगी परीक्षा




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन हाई स्कूल में हिंदी और इंटरमीडिएट में सैनिक विज्ञान की परीक्षा होगी। यह परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। इस बार कुल 12 दिन में परीक्षा खत्म हो जाएगी।

### कुंभ के बाद कराने का भेजा गया था प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं इस बार महाकुंभ की वजह से महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के बाद कराने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। यूपी बोर्ड प्रशासन के एक बड़े अफसर ने नाम न छापने के आग्रह पर इसकी पुष्टि थी। बोर्ड का मानना है कि विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में होने वाले महाकुंभ में इस बार देश ही नहीं, दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भीड़ संगम नगरी में उमड़ेगी। ऐसे में बोर्ड की परीक्षाएं आखिरी स्नान पर्व के बाद ही कराना उचित होगा। वर्ष 2024 में परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो गई थीं। पिछले पांच साल के दौरान सिर्फ वर्ष 2022 में बोर्ड परीक्षा मार्च में कराई गई थी।

### रोडवेज में मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, युवक को किया गया अस्पताल में भर्ती

गाजियाबाद ,करंट क्राइम। कौशांबी थानाक्षेत्र में रोडवेज के मामले में मारपीट का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है। कौशांबी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनुराग शर्मा पुत्र जीके शर्मा निवासी सेक्टर 3ए रचना वैशाली पर पंकज शर्मा ने उसके भाई निवासी सेक्टर 3 वैशाली ने गली गलौच करते हुए हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमले का कारण पंकज द्वारा अपनी एसयूवी से रोड ब्लॉक करके रोड जाम करना और वाहनों को नहीं निकलने देना था । इससे पूरे मार्ग का आवागमन बाधित कर दिया गया था। इसका जब अनुराग ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। अनुराग को नवीन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कौशांबी थाने में धारा - 115 और 352 बीएनए के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी से इस पूरे मामले में पुलिस शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल कर कारवाई की बात कह रही है।

# गौतमबुधनगर मे नियुक्त पुलिसकर्मियों ने किया नाम रोशन






**गौतमबुद्धनगर करंट क्राइम।** जनपद मुरादाबाद में दिनांक-14 नवंबर से 17 नवंबर 2024 तक आयोजित हुई उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता मे उत्तर प्रदेश की समस्त नागरिक पुलिस, पीएसी, वायरलेस विभाग, सुरक्षा विभाग, फायर सर्विस विभाग के चयनित खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया तथा अपने-अपने जॉन एवं अपनी-अपनी यूनिट के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रतिभाग किया गया, जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी द्वारा हिस्सा लिया गया।

मेरठ जोन की पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों की टीमे मुख्य कोच उप निरिक्षक वरुण पँवार व सहायक कोच उप निरिक्षक दुष्यंत द्वारा बेहद कठिन मेहनत कर तैयार की गयी। अपने निकट निर्देशन मे दोनों टीमे खेली। जिसके परिणाम स्वरूप महिला एवं पुरुष मेरठ जोन की दोनों टीमों द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता की चैंपियनशिप पर कब्जा किया। जिसमें जनपद मेरठ में नियुक्त कपिल चौधरी, पियूष चौधरी, सिमरन चौधरी, जनपद सहारनपुर में नियुक्त निपुण त्यागी, जनपद मुजफ्फरनगर में नियुक्त कुसुम रानी, जनपद गाजियाबाद में नियुक्त भावना बालियान, सीमा राय व रोमा गुर्जर, जनपद गौतमबुधनगर मे नियुक्त विवेक गुप्ता की मुख्य भूमिका रही। इन सब खिलाड़ियों द्वारा अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर समूचे उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों को पराजित किया गया। इनके अलावा व्यक्तिगत रूप से जनपद गौतम बुध नगर में नियुक्त उपनिरीक्षक वरुण पवार द्वारा गोल्ड मेडल, अखिलेश यादव व रूबी मिश्रा द्वारा कॉंस्य पदक प्राप्त किए गए।

# पुलिस का खुलासा : साथियों ने ही की तस्कर दंपति की हत्या, सनसनीखेज मामले के बारे में जानें सब कुछ



गाजियाबाद करंट क्राइम। नगर कोतवाली पुलिस ने एक माह पूर्व हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंके गए लाल सिंह की हत्या के साथ ही उसकी पत्नी की हत्या का सनसनीखेज खुलासा किया है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के मुताबिक मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए अजय यादव उर्फ लंबू और नईम ने पूछताछ के दौरान बताया कि गुड्डू के साथ ही इंदिरापुरम थानााक्षेत्र अंतर्गत प्रहलादगढ़ी में रहने वाले, मूलरूप से बिहार निवासी लाल सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका हमारे गैंग में शामिल थे। हम सब मिलकर उड़ीसा से मादक पदार्थों की तस्करी करते थे।

### लाल सिंह ने गुड्डू का माल पकड़वा दिया था

डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि चिपियाना मार्ग पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए अनिल यादव उर्फ लंबू और नईम ने बड़ा ही सनसनीखेज खुलासा किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अनिल को दाहिने पैर में गोली मारकर घायल कर दिया और उसके साथ बाइक पर सवार नईम को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने बताया कि लाल सिंह और गुड्डू भी उनके साथ मादक पदार्थों की तस्करी करते थे लेकिन उन दोनों के बीच विवाद होने के बाद लाल सिंह ने नोएडा में गुड्डू का 60 लाख का माल पकड़वा दिया था। इस बात से गैंग के सभी लोग लाल सिंह से रंजिश मानने लगे थे।

### अनिल एटा का और बाकी बिहार के रहने वाले हैं

अनिल ने बताया कि मेरे साथ गैंग में गुड्डू, नईम, लाल सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका शामिल थे। विवाद के चलते लाल सिंह ने जब गुड्डू की मुखबिरी कर उसे 60 लाख के माल के साथ नोएडा में पकड़वा दिया तो गुड्डू की उससे ठन गई। मुझे और नईम को भी यह बात अच्छी नहीं लगी। हम तीनों ने मिलकर लाल सिंह की हत्या कर दी और शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। लाल सिंह की शिनाख्त नहीं हो पाई थी और पुलिस ने उसे दुर्घटना मानकर अंतिम संस्कार भी करवा दिया। बाद में प्रहलाद गढ़ी में लाल सिंह के साथ रहने वाले उसके पिता परमात्मा ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर लाल सिंह की हत्या और उसकी पत्नी को गायब करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

परमात्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर अजय यादव उर्फ लंबू और नईम को चिपियाना की ओर से जाते हुए घेर लिया। जहां अनिल ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए अनिल के दाहिने पैर में गोली मार दी और उसके साथ मोटरसाइकिल पर सवार नईम को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद दोनों से पूछताछ में जो खुलासा हुआ, वैसी उम्मीद पुलिस को भी नहीं थी।


### गुड्डू और लालसिंह के बीच विवाद से बिगड़ी बात

मूलरूप से एटा जनपद निवासी अनिल यादव उर्फ लंबू ने बताया गुड्डू व लाल सिंह के बीच विवाद हो गया था। रंजिश के चलते लाल सिंह ने नोएडा में गुड्डू का करीब 60 लाख रुपया का माल(मादक पदार्थ) पकड़वा दिया था। जिस कारण विवाद और बढ़ गया। उसी क्रम में गुड्डू के कहने पर हम दोनों (अनिल और नईम) ने गुड्डू के साथ मिलकर लाल सिंह को 15 अक्टूबर को उड़ीसा से फोन कर विजयनगर स्थित नईम के किराये के कमरे पर बुलाया और फिर रेलवे लाइन के किनारे ले गये और जहाँ पर गुड्डू पहले से झाड़ियों में छिपा हुआ था। गुड्डू ने लाल सिंह के पैरों पर जोर से प्रहार किया, जिससे वह गिर गया और इसके बाद हम तीनों ने मिलकर लाल सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी एवं साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को हिन्द नगर कालोनी के पास रेलवे लाइन पर रख दिया और ट्रेन गुजरने तक इंतजार किया घटना को योजनावद्ध तरीके से अंजाम दिया।




### कौन आईपीएस जुटा रहा है नदिया पार मामले के सबूत

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नदिया पार का एक मामला बीते कुछ दिनों से हाईलाइट चल रहा है। इस मामले की चर्चाएं रूक नहीं रही हैं तो पुलिस महकमें में इस केस को लेकर हुए खेल के मामले की रकम लगातार बढ़ती हुई बताई जा रही है। सुनने में आ रहा है कि इस हाईलाइट वाले मामले में भले कई स्तर के पुलिस स्टाफ पर कार्रवाई हो चुकी हो लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबुद में इस मामले की जांच पड़ताल और चर्चा कम नहीं हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट के विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि एक उत्तर प्रदेश के एक पूर्व आईपीएस इस पूरे मामले में सबूत जुटाना का काम कर रहे हैं। तो वहीं इस पूरे मामले में विपक्ष के भी कई प्रमुख चेहरे गाजियाबाद से इनपुट ले रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश में अपनी ईमानदारी और अपने अलग-अलग खुलासों के दम पर नेताओं से लेकर पुलिस के अधिकारियों की हवा निकालने वाले एक पूर्व आईपीएस इन दिनों नदिया पार के एक मामले के सबूत जुटा रहे है। सुनने में आया है जैसे ही उन पर सबूत होंगे वह इस मामले को लेकर कोई प्रेसवार्ता या लखनऊ से कोई बड़ा बयान जारी कर सकते हैं। कहा जा रहा है इस मामले को विपक्ष वाले भी ताल ठोंकेगे। वहीं सुनने में आया है कि इस पूरे मामले की जानकारी कमिश्नरेट में बैठे कुछ अधिकारियों के लिए टेंशन बढ़ा रही है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से जा चुके अधिकारी भी इस पूरे मामले में अपने जनपदों से नजर रखने का काम कर रहे हैं, ऐसा सुना जा रहा है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस कमिश्नरेट के मामले की चर्चा बराबर वाले कमिश्नरेट में भी जमकर हो रही है और तो और इस पूरे कमिश्नरेट के तार पेठे वाले शहर के कमिश्नरेट से भी जुड़ रहे हैं। इस पूरे मामले में अब देखना होगा कि जिन पुलिसकर्मियों को नुकसान हुआ था, क्या उन पर दोबारा आंच आती है या केवल मामला पेपरबाजी के बीच मिसट जाएगा। इसके साथ ही जो पुलिसकर्मी इस पूरे मामले के दोषी बताए जा रहे हैं उन पर आने वाले दिनों में क्या कोई और एक्शन भी होता है। वैसे जो पूर्व आईपीएस इस पूरे मामले के सबूत जुटाना का काम कर रहे हैं, उससे इस पूरे मामले में फिर एक बार बड़ा उछाल आ सकता है। ऐसा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वाले सूत्रों का दावा है।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sp Singh is with Satnam Kaur.
9m · Bhai Satvinder Singh Ji
With the blessings of Waheguru ji, We are blessed with another Gand daughter 🧒 Shukrana Waheguru 🙏🙏

With the grace of God, Pavnit n Priyanka blessed with a baby girl




# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग नहीं देंगे चुनाव में संजीव शर्मा को वोट

## कहा- मैंने तो इस बार दी है पहली बार खुद अपने आप को भी वोट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव अपने चरम पर आ गया है, कल मतदान होना है। मतदान को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सभी से अपील की कि वो शहर विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चुनाव में खुलकर संजीव शर्मा के साथ चुनाव प्रचार किया। वो मुख्यमंत्री के रोड शो से लेकर शहर में निकले रोड शो में रथ पर संजीव शर्मा के साथ रहे। कहा तो यहां तक जाता है कि संजीव शर्मा को टिकट ही अतुल गर्ग की मजबूत पैरवी पर मिला। इस टिकट को अतुल गर्ग का टिकट माना जाता है। लेकिन ये खबर आपको हैरान कर देगी कि जो अतुल गर्ग संजीव शर्मा को टिकट दिलवाकर लाए वो अतुल गर्ग पूरे चुनाव प्रचार में उनके साथ रहे। वो अतुल गर्ग अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर उम्मीदवार बनें संजीव शर्मा को वोट नहीं देंगे। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे बात की और पूछा की आप संजीव शर्मा को वोट क्यों नहीं देंगे तो यहां दो बार शहर विधायक रहे अतुल गर्ग ने कहा कि मैंने तो खुद अपने आप को इस बार पहली बार वोट दी है तो मैं संजीव शर्मा को वोट कैसे दे सकता हूं। यहां खास बात ये है कि शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव ही इसलिए हो रहा है कि इस सीट पर लगातार दो बार चुनाव जीते शहर विधायक अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने शहर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। ये सीट अतुल गर्ग के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई और यहां उपचुनाव हो रहा है , लेकिन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि मैं संजीव शर्मा को वोट नहीं दे पाऊंगा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का एक अपना अंदाज है और वो उस अंदाज में सियासत को भी कई बार गुदगुदा देते हैं। वजह पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं तो तीन बार चुनाव में विधानसभा में खुद अपने आप को वोट नहीं दे पाया तो संजीव शर्मा को कहां से दे दूंगा। जब ये बात आई कि आप भाजपा उम्मीदवार का प्रचार करोगे लेकिन वोट नहीं दोगे, इस पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ऐसी बात नहीं है मैंने एक बार भाजपा उम्मीदवार बृजपाल तेवतिया को वोट दिया, दो बार विधायक अजीतपाल त्यागी को वोट दिया। यहां पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ये भी कहा कि मैं अजीतपाल त्यागी के लिये थैंकफुल हूं क्योंकि उन्होंने दोनों बार मुझे वोट दिया। लेकिन अतुल गर्ग ने एक बार बात को फिर उसी मोड पर छोड़ दिया। उन्होंने वोट के सवाल पर फिर कहा कि मैंने तो लोकसभा चुनाव में पहली बार खुद अपने आप को वोट दिया है। अंत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ये बड़ा तकनीकी मसला है और बात ये है कि मैं मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का मतदाता हूं और मेरा वोट गाजियाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र में नहीं है। अगर मेरा वोट वहां होता तो मैं जरूर संजीव शर्मा को वोट देता, लेकिन मेरा पूरा सपोर्ट उन्हें है और फिर उन्होंने एक बार अपने अंदाज में दोहरा दिया कि मजबूरी है और मैं फिर बता दूं कि मैं संजीव शर्मा उनके चुनाव में वोट नहीं दे पाऊंगा।

# थम गया शहर सीट के लिए चुनाव प्रचार आज रवाना होगी मतदान को पोलिंग पार्टियां

## - 20 नवंबर को विधानसभा उपचुनाव के लिए होगा 119 केंद्रों पर मतदान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को घड़ी में 5 बजाते ही विधानसभा सीट-56 शहर के लिए हो रहे विधानसभा उपचुनाव के मतदान का शोर थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कई प्रमुख और क्षेत्रीय दलों ने अपने रोड शो के जरिए अपनी ताकत का एहसास कराया है। तो वहीं 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मतदान के लिए 19 नवंबर दिन मंगलवार को सुबह करीब 11 से अलग-अलग मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। इन पोलिंग पार्टियों को कमला नेहरू नगर स्थित सीपीडब्ल्यूडी के मैदान से रवाना किया जाएगा। रिटनिंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया है कि इस दौरान सुरक्षा कर्मी भी प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ रवाना किए जाएंगे।

उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने पोलिंग पार्टी रवाना करने के लिए वाहनों का जपतिकरण और वाहनों की व्यवस्था पूरी कर ली है। इस संबंध में रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी शीर्ष अधिकारियों ने चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बुकलेट के आधार पर व्यवस्थाओं को पूरा करने का काम कर लिया है।

### 4 जोन और 22 सेक्टरों में बांटा गया विधानसभा गाजियाबाद

करंट क्राइम : 20 नवंबर को विधानसभा सीट गाजियाबाद उपचुनाव होना है और उपचुनाव के लिए 19 नवंबर को सुबह से ही पोलिंग पार्टियों की रवागनी की जाएगी। चुनाव के मद्देनजर किसी प्रकार की व्यवस्था न हो और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया जाए, इसीलिए प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 119 मतदान केंद्रों जहां 506 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, इसको चारों मजिस्ट्रेट के जिम्में सौंप दिया गया है। साथ ही 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। इस लिहाज से विधानसभा सीट गाजियाबाद को 4 जोन और 22 सेक्टरों में विभाजित करते हुए सभी तरह की व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। शांतिपूर्वक मतदान हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुरक्षा और पुलिस की टीमों को तैनाती दी जाएगी।

### 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल पर रहेगी सुरक्षा बलों की नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सीआईएसएफ, आरआरफ, सीआरपीएफ और पुलिस से लेकर पीएसी की टुकड़ी भी लगाई गई हैं। जो सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने के साथ ही शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया पर ध्यान देंगी। 19 नवंबर को सुबह से ही मतदान को संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स को भी रवाना कर दिया जाएगा। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र में कुल 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं, जहां पर प्रत्येक ऐसे बूथ पर सुरक्षा बलों को भी तैनात किया जाएगा।


### पुलिस लाइन के मैदान में रिजर्व किए गए वाहन जब्त

करंट क्राइम : 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मतदान के लिए बड़ी संख्या में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। पोलिंग पार्टियों जिन वाहनों में सवार होकर मतदेय और मतदान केंद्रों तक पहुंचेगी, ऐसे वाहनों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने चुनावी ड्यूटी के लिए जप्त किया है। यह जप्त किए गए वाहन पुलिस लाइन में खड़े किए गए हैं। इसमें परिवहन विभाग के अधिकारियों की भी मदद ली गई है। बता दें कि चुनाव के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का इस्तेमाल होता है। जिसमें मिनी बस, बड़ी बसें, एसयूवी गाड़ियां और अन्य फॉस सीटर वाहनों की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए ही वाहनों को जुटाया गया है।

## सात समंदर पार से जागा संजीव शर्मा के लिए प्यार

# डॉक्टर विपुल शर्मा ने पंच मेवा का प्रसाद बंटवाकर एडवांस में दिया जीत का उपहार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं और उनकी टीआरपी का आलम केवल शहर तक नहीं है। उनकी टीआरपी



का जलवा सात समंदर पार अमेरिका तक है। सोमवार को जब संजीव शर्मा का रोड शो निकला तो यहां अमेरिका वाले डॉक्टर विपुल शर्मा ने करंट क्राइम से अपनी भावनाओं को साझा किया था। डॉक्टर विपुल शर्मा पिछले कई वर्षों से अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने अमेरिका से अपना समर्थन संजीव शर्मा को दिया। अपने परम मित्र तथा अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू के जरिये उन्होने ये पैगाम भिजवाया। उन्होंने संजीव शर्मा के रोड में पंच मेवा का प्रसाद बंटवाया और उन्हें एडवांस





में जीत का उपहार दिया। दैनिक करंट क्राइम के साथ उन्होंने इस बात को पहले ही साझा किया। जहां सुधीर गोयल मोनू ने भी दोस्त की इच्छा को सर्वप्रथम रखा और रातों रात पंच मेवा के पैकेट तैयार कराए। जब संजीव शर्मा का रोड शो पुरानी मंडी घंटाघर पहुंचा तो यहां सुधीर गोयल मोनू के नेतृत्व में पुरानी मंडी घंटाघर के सभी व्यापारियों ने संजीव शर्मा का जोरदार स्वागत किया। यहां सगुन के रूप में संजीव शर्मा को पहले लस्सी पिलाई गई और फिर अमेरिका में रह रहे डॉ. विपुल शर्मा की तरफ से पंच मेवा वितरित किये गये। डॉ. विपुल शर्मा ने वीडियो कॉल के जरिये करंट क्राइम के साथ अपने विचार साझा किये और कहा कि वह अपने वतन की मिट्टी से जुड़े हैं, अपने शहर से जुड़े हैं और भले ही अमेरिका में हैं लेकिन उनका दिल गाजियाबाद के लिये धड़कता है। शहर में चुनाव है तो हम कैसे पीछे रह जाएंगे। पंच मेवा का उपहार भारतीय संस्कृति का प्रतीक है और उन्होंने संजीव शर्मा को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए ये प्रसाद बंटवाया।

# रोड शो में थार में फूलों का वजन करा गया एहसास

## चुनाव में आ गई है जान और शहर में स्वागत हुआ है जोरदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को भाजपा का रोड शो निकला। रोड शो का मतलब ही चुनाव का एक माहौल बनाना है। कल मतदान होना है और जनता का मिजाज पता चलेगा, कितने मतदाता ईवीएम पर आते हैं ये पता चलेगा और इस बार चुनाव की डेट भले ही आगे बढ़ी है लेकिन बाकी सब कुछ फिक्स है। 20 नवंबर को मतदान होना है और ठीक दो दिन बाद 23 नवंबर को मतगणना होनी है। कौन विधायक बनेगा ये तय होना है। सभी सियासी दल मतदाता को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। रोड शो से सियासी नब्ज को तो पताचलता है। गाजियाबाद में भाजपा का रोड शो जोरदार निकला। ये रोड शो बजरिया से शुरू हुआ और घंटाघर होते हुए नवयुग मार्किट पहुंचा। तीन घंटे का रोड शो और शहर जाम हो गया। गाड़ियों का काफिला और कदम



कदम पर स्वागत का सिलसिला बता रहा था कि जनता में जोश है। इस रोड शो में एक कार ऐसी थी जिसको थार कहते हैं और इस थार पर एक तरह से पूरी सरकार सवार थी। इस पर उम्मीदवार थे, इस पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग थे, इस पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा थे, इस पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप थे, इस पर मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी थे।




रोड शो के इस रथ के साथ ही महानगर उपाध्यक्ष बोबी त्यागी थे। जब ये थार रोड शो के बाद नवयुग मार्किट पहुंची तो उसके बोनट पर ही कई क्विंटल फूलों की माला बता रही थी कि फूल वालों की हवा है। ये नजारा कार के बोनट का था और कार के अंदर बिखरी फूलों की पंखुडियों का वजन भी लगभग इतना ही था और फूलों से भरी ये थार एहसास करा रही थी कि स्वागत जोरदार हुआ है। जब ये थार खाली हुई तो पता चला कि शहर में भीतर और बाहर फूलों की बहार है।

## सीएम के रोड शो खत्म होने के बाद क्या हुआ था शाम को उस रोज

# योगी देकर गए थे भाजपा नेताओं को ओवर कॉन्फिडेंस में ना आने की डोज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए और लाइनपार क्षेत्र में उनका जबरदस्त सफल रोड शो हुआ। सूत्र बताते हैं कि उस शाम रोड शो के बाद भी कुछ हुआ था।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब रोड शो वाले रथ से उतरकर पथ पर आए तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा था कि जिससे पूरा चुनाव सध गया था। चर्चा है कि जाते-जाते मुख्यमंत्री ने जो कहा उसे सुनने के लिये वहां सांसद विधायक और उम्मीदवार मौजूद थे। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीधी स्पष्ट बात की और कहा कि कोई भी नेता, कोई भी कार्यकर्ता चुनाव को लेकर ओवर कॉन्फिडेंस में ना आए। हर बूथ पर दस से बारह कार्यकर्ता मौजूद रहे और उनकी ये जिम्मेदारी रहे कि वो मतदाताओं को बूथ पर लाए। बताते हैं कि ये डोज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उस रोज अतिउत्साह देखकर ही देनी पड़ी।

दरअसल भाजपा उत्साह में है उसका रोड शो हिट हुआ, उसकी जनसभा हिट हुई। उसका एक रीजन ये भी बताया जाता है कि विपक्ष के उम्मीदवारों ने भाजपा को कंफर्ट जोन में लाकर खड़ा कर दिया। समीकरण उसके पक्ष में।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बात करें और मुख्यमंत्री स्तर पर रणनीति देखें तो वो कहीं से कहीं तक चुनाव को हल्के में नहीं ले रहे हैं। पांच मंत्री चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिये ये उपचुनाव इतना अहम है कि उसे इससे समझा जा सकता है कि वो खुद तीन बार यहां आए हैं। लेकिन फिर वही बात है कि मतदान के दिन अभी भाजपा को मेहनत करनी है।

# भाजपा का चुनावी प्लान है पूरी तरह से तैयार

## देवतुल्यों को रखा गया था दूर, चाहे शहर हो या लाइनपार




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने चुनावी चक्रव्यूह को तैयार कर रही है। वो जीरो टोलरेंस नीति पर काम कर रही है। उसका टारगेट अधिक से अधिक वोट लेना और विपक्ष को हर मोर्चे पर विफल करना है। ये भाजपा की चुनावी रणनीति है कि उसने शहर विधानसभा में निकले रोड में शहर वाले देवतुल्यों को ही दूर रखा था। जब सोमवार को भजापा का रोड शो निकला तो इस रोड में शहर मंडल से लेकर गांधीनगर मंडल और लाइनपार के सभी भाजपा मंडलों के कार्यकताओं को आने की इजाजत नहीं थी। ये पहले से ही तय था कि इतने ही लोग आएंगे। गांधीनगर मंडल को भी रोड शो से दूर रखा गया था। रोड शो में लाइनपार वाले भी नहीं थे। सूत्र बताते है कि सबको मना किया गया था। इसकी वजह भाजपा की चुनावी रणनीति बताई जाती है और ये रणनीति ये है कि जब अन्य दल सोमवार को अपने रोड में व्यस्त थे, उनके कार्यकर्ता अपने नेताओं के साथ घूम रहे थे तब भाजपा के कार्यकर्ता शहर विधानसभा क्षेत्र में अपने अपने बूथ पर अपने अपने मंडल पर वोटर पर्ची घर घर पहुंचा रहे थे। इस बात को सुनिश्चित किया जा रहा था कि शत प्रतिशत मतदाताओ के घर पर वोट पर्ची पहुंच जानी चाहिए।



### कोई भी कार्यकर्ता नहीं दिखाए दे अब उम्मीदवार के साथः कुंवर ब्रिजेश सिंह

भाजपा उपचुनाव को अपनी रणनीति के दम पर लड़ रही है। वो यहां अब मतदान पर फोकस हो गई है। शहर में जब रोड निकला तो शहर के देवतुल्यों को पर्ची वितरण का काम दिया था। उन्हें रोड शो से दूर रहने के लिये कहा गया था और जब भाजपा का रोड शो समाप्त हुआ तो रोड शो की समाप्ति पर मंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह ने कहा कि अब किसी को भी उम्मीदवार के साथ नजर नहीं आना है। सब अपने अपने बूथ पर मोर्चा संभाल लें और कल सबको डोर टू डोर जाना है। मतदाताओं को ईवीएम पर लेकर आना है।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने दिखाया दमखम

## किसी ने निकाला रोड शो और किसी ने जनता के बीच जाकर मांगे वोट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शहर में सभी दलों के उम्मीदवारों ने प्रचार किया। कोई लाइन के उस पार तो कोई लाइन के इस पार रहा। भाजपा उम्मीदवार शर्मा ने बजरिया से अपना रोड शो निकाला और ये रोड शो शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ नवयुग मार्किट के शहीद पथ पर संपन्न हुआ।

रोड शो का कई स्थानों पर स्वागत हुआ। बसपा उम्मीदवार परमानंद गर्ग के समर्थन में धोबीघाट ओवरब्रिज से रोड शो शुरू हुआ। बसपा के वेस्ट यूपी प्रभारी शमशुद्दीन राइन ने यहां रोड शो की कमान संभाली। उनके साथ बसपा नेता मौजूद रहे। वहीं आजाद समाज पार्टी की ओर से भी ये बताया गया कि नगीना सांसद और पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर का रोड शो हुआ। इसके अलावा गठबंधन प्रत्याशी ने भी चुनाव प्रचार किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी गली, बाजारों में वोट मांगें चुनाव प्रचार किया। दिन भर शहर विधानसभा में चुनाव प्रचार की धूम रही और शाम पांच बजे के बाद ये चुनाव प्रचार थम गया। सभी उम्मीदवार अपने अपने चुनाव कार्यालयों पर चुनावी रणनीति बनाते दिखाई दिये। वहीं चुनाव प्रबंधन टीमों ने बूथ बस्ते का काम संभाल लिया। देर रात तक रणनीतियां बनती रहीं।

## संपादकीय

# इवी वाहनों पर जोर

देश में दुपहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (इवी) की बिक्री बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने नयी योजना की घोषणा की है, जिसके तहत पांच सौ करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है. यह योजना एक अप्रैल से प्रारंभ होगी, जो चार माह तक चलेगी. प्रदूषण नियंत्रित करने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन और उपभोग बढ़ाने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है. इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण तथा बिक्री बढ़ाने की कोशिश उसी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है. पिछले माह भारी उद्योग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण एवं अपनाने की गति बढ़ाने के लिए चल रही फेम योजना के दूसरे चरण में आवंटन को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 11,500 करोड़ रुपये करने की घोषणा की थी. यह योजना 2019 से चल रही है. यह राशि दुपहिया, तिपहिया, कारों और बसों पर सब्सिडी के रूप में खर्च की जा रही है. इस योजना की अवधि 31 मार्च तक है. इन प्रोत्साहन अनुदानों का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना तो है ही, साथ ही यह भी कोशिश हो रही है कि ऐसे वाहनों के कल-पुर्जों का निर्माण स्थानीय स्तर पर हो ताकि हर क्षेत्र में विकास को भी गति मिले. दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है. इनके दामों में भी कटौती हो रही है तथा कंपनियां सस्ते मॉडल भी निकाल रही हैं. तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से इलेक्ट्रिक और पेट्रोल से चलने वाले दुपहिया वाहनों के बीच का अंतर निरंतर कम हो रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 में 8.50 लाख दुपहिया वाहनों की बिक्री का अनुमान है. सरकार के वाहन पोर्टल के अनुसार, इस वर्ष जनवरी में 81,608 दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहन बिके. यह बिक्री जनवरी 2023 की तुलना में 26 प्रतिशत और बीते दिसंबर से आठ प्रतिशत अधिक है. हालांकि यह प्रगति उत्साहजनक है, पर दुपहिया वाहनों के कुल बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों का हिस्सा केवल 4.5 प्रतिशत ही है. तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन भी अच्छी संख्या में बिक रहे हैं. ई-कॉमर्स और शहरों में ढुलाई के काम में लगी कंपनियों का इन वाहनों पर भरोसा तेजी से बढ़ा है. इसका लाभ दुपहिया वाहनों को भी मिल रहा है. केंद्र और राज्य सरकारें अपनी जरूरत के लिए भी इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद कर रही हैं तथा इलेक्ट्रिक बसों को भी अपनाया जा रहा है. फरवरी में 7,277 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई, जो पांच माह में सबसे कम है. ऐसा दाम में कटौती के बावजूद हुआ. इन वाहनों की स्वीकार्यता में सबसे बड़ी बाधा चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का सीमित होना है. चार्जिंग सुविधा और बैटरी बदलने की व्यवस्था पर सरकार और कंपनियों को अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है. प्रोत्साहन और अनुदान की योजनाओं तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# जी-20 देशों में भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** जी-20 देशों में भारत की अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 2024 में सबसे तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। जी20 देशों में विकास दर के मामले में इस साल भारत के बाद 5 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ इंडोनेशिया दूसरे और 4.8 प्रतिशत के साथ चीन तीसरे स्थान पर है।

ब्राजील में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में रैंकिंग जारी होने के बाद एक्स पर पोस्ट किए गए भारत सरकार के बयान के मुताबिक, अनुमानित 7 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर के साथ भारत जी-20 देशों में अग्रणी स्थान पर है। यह उपलब्धि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को उजागर करती है, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच अपनी मजबूती और तेज गति से देश के विकास को प्रदर्शित करती है। जीडीपी वृद्धि में 3.6 प्रतिशत की विकास दर के साथ रूस चौथे और 3 प्रतिशत के साथ ब्राजील पांचवे स्थान पर है। वहीं, 3 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अफ्रीका रीजन छठवें और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर से




अमेरिका सातवें स्थान पर है। 2024 में अन्य पश्चिमी देश जैसे कनाडा की जीडीपी वृद्धि 1.3 प्रतिशत, फ्रांस, यूरोपीयन यूनियन और यूके की जीडीपी विकास दर 1.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इटली और जापान की विकास दर क्रमशः 0.7 प्रतिशत और 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया की जीडीपी वृद्धि दर इस साल 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

विकसित देशों में जर्मनी का प्रदर्शन सबसे खराब 0 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 और 19 नवंबर को आयोजित होने वाले जी20 2024 के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मध्य पूर्व और यूरोप में चल रहे जलवायु संकट और संघर्ष के बीच आयोजित इस शिखर सम्मेलन का फोकस भूख, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई, सतत विकास और वैश्विक शासन सुधारों पर है।

सभी 19 जी20 सदस्य देश - अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, रूस, तुर्की, ब्रिटेन और अमेरिका और यूरोपीय संघ - दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## 94 प्रतिशत भारतीय फर्म कम से कम एक काम में करती हैं जेनएआई का इस्तेमाल : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** 94 प्रतिशत भारतीय उद्यम कम से कम एक काम में जनरेटिव एआई (जेनएआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो सर्वे किए गए 19 देशों में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रतिशत है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। एआई कंपनी डेटाब्रिक्स की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, केवल 24 प्रतिशत भारतीय पार्टिसिपेंट मानते हैं कि उनके जेनएआई एप्लीकेशन प्रोडक्शन-रेडी हैं, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोगों ने जेनएआई अनुप्रयोगों को लागू करने में लागत, कौशल, शासन और गुणवत्ता की कमी को प्रमुख चुनौतियां माना है। 10 में से सात से अधिक भारतीय पार्टिसिपेंट ने एआई को अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण माना। केवल 29 प्रतिशत का मानना है कि टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल डोमेन में निवेश पर्याप्त है। 2027 तक, सभी 100 प्रतिशत भारतीय पार्टिसिपेंट को आंतरिक और बाहरी उपयोग के मामलों में जेनएआई अपनाने की उम्मीद है। डेटाब्रिक्स इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री मैनेजर अनिल भसीन ने कहा, भारत में व्यवसाय तेजी से एआई को अपना रहे हैं, वे ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए डेटा-संचालित सॉल्यूशन को इंटीग्रेट करने के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट ₹डेटा इंटेलिजेंस के महत्व को पुष्ट करती है ।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 241 अंक फिसला

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के आईटी, फार्मा और मीडिया सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 241.30 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरने के बाद 77,330.01 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 78.90 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के बाद 23,453.80 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 184.25 अंक या 0.37 प्रतिशत चढ़ने के बाद 50,363.80 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 1.70 अंक या 0.00 प्रतिशत की नाममात्र बढ़त के बाद 54,044.80 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 93.80 अंक या 0.53 प्रतिशत गिरने के बाद 17,507.25 पर बंद हुआ।

निफ्टी के आईटी, फार्मा, मीडिया, एनर्जी, इंफ्रा, पीएससी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर में बिकवाली रही। वहीं, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में खरीदारी रही। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, इंफोसिस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और रिलायंस टॉप लूजर्स रहे। वहीं, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, नेस्ले इंडिया, एम एंड एम, एसबीआई और अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,617 शेयर हरे, 2,479 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 128 शेयर में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं रहा। जानकारों ने कहा कि बाजार में कंसोलिडेशन जारी रहा। आय वृद्धि में मंदी और मुद्रास्फीति के कारण कमजोर



रुपये ने धारणा को प्रभावित किया। दिसंबर में फेड दर में कटौती की कम उम्मीद के कारण आईटी शेयरों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिससे बीएफएसआई खंड में खर्च में देरी हो सकती है। दूसरी ओर, चीन द्वारा एल्यूमीनियम और तांबे पर कर छूट कम करने का फैसला करने के बाद धातु शेयरों में कुछ बढ़त हुई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा है कि महाराष्ट्र में आगामी राज्य चुनावों के कारण बिकवाली का दबाव सीमित रहेगा। उन्होंने कहा, रुपये में मजबूती देखी गई, जो 0.08 रुपये की बढ़त के साथ 84.39 पर कारोबार कर रहा था।

# एआई स्टार्टअप के सीईओ ने की हफ्ते में 84 घंटे काम की बात, इंटरनेट पर मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप ग्रेप्टाइल के सीईओ दक्ष गुप्ता अपनी कंपनी की कार्य संस्कृति का खुलासा करने के बाद एक गरमागरम ऑनलाइन बहस के केंद्र में आ गए। उन्होंने पारदर्शिता पर जोर देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी के 84 घंटे के कार्य सप्ताह और न्यूनतम वर्क लाइफ बैलेंस की बात कही थी। सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप ग्रेप्टाइल के सीईओ दक्ष गुप्ता अपनी कंपनी की कार्य संस्कृति का खुलासा करने के बाद एक गरमागरम ऑनलाइन बहस के केंद्र में आ गए। उन्होंने पारदर्शिता पर जोर देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी के 84 घंटे के कार्य सप्ताह और न्यूनतम वर्क लाइफ बैलेंस की की बात कही थी। इस पर प्रतिक्रिया के रूप में लोगों ने उन्हें जान से मारने तक की धमकी दे दी। युवा सीईओ को बढ़ते विवाद के बीच अपने दृष्टिकोण का बचाव करना पड़ा। गुप्ता का यह ट्वीट जल्दी ही



वायरल हो गया, इसे 1.6 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया, साथ ही हजारों टिप्पणियां और रीट्वीट भी किए गए। इसके बाद काम के घंटों और काम-जीवन संतुलन पर तीखी बहस छिड़ गई। कुछ लोगों ने युवा उद्यमी पर श्रमिकों का शोषण करने का आरोप लगाया। कुछ लोगों ने उन्हें मारने तक की धमकी दे दी। जबकि अन्य ने उनके समर्पण की प्रशंसा की।

### एआई स्टार्टअप के सीईओ ने कंपनी की कठिन कार्य संस्कृति यह कहा

एक ट्वीट में गुप्ता ने ग्रेप्टाइल में 84 घंटे के काम के सप्ताह के बारे में बताया था। उन्होंने बताया था कि यहां घड़ी देर रात तक चलती है और सप्ताहांत पर भी लोग काम करते हैं। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा, हाल ही में, मैंने उम्मीदवारों को पहले साक्षात्कार में ही बताना शुरू कर दिया कि ग्रेप्टाइल कोई कार्य-जीवन संतुलन प्रदान नहीं करता है। आम तौर पर कार्यदिवस सुबह 9 बजे शुरू होता है और रात 11 बजे समाप्त होता है। अक्सर हम शनिवार और कभी-कभी रविवार को भी काम करते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आपको जानकर हैरानी होगी की, एक पांडा ने देखा कि गर्भवती पांडों को विशेष उपचार मिलता है, इसलिए उसने अतिरिक्त बांस पाने के लिए गर्भवती पांडों के व्यवहार की नकल की थी।
- दो ईसाई भिक्षुओं ने चीन के बाहर बांस के डिब्बे में रेशम के कीड़े की तस्करी की थी। उन रेशम कीड़े का उपयोग यूरोप में बीजान्टिन साम्राज्य को व्यापार एकाधिकार देने के लिए किया गया था, जो कि अगले 650 वर्षों के लिए उनकी अर्थव्यवस्था का आधार बन गया।
- क्या आप जानते हैं? बांस का आकार प्रजातियों पर निर्भर करता है। बांस की सबसे बड़ी प्रजाति 1300 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकती है।
- बांस के फूल को शायद ही कभी देखा जा सकता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा की बांस के कुछ प्रजातियों में 65 या 120 साल बाद फूल विकसित होते हैं। बांस के फूलों के बारे में दिलचस्प तथ्य यह है कि एक जैसी बांस प्रजाति के सभी पौधे एक ही समय में फूल विकसित करते हैं, चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों।
- विशाल पांडा में मांस आधारित आहार के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं लेकिन यह एक जीन खो गया है जो उमामी रिसेप्टर के लिए एन्कोड करता है। मांस के लिए इनका कोई स्वाद नहीं है और इसीलिए ये खुशी-खुशी केवल बांस पर ही जीवित रहते हैं।




# टमाटर के दाम एक महीने में 22 फीसदी घटे, फिर भी 52 रुपये किलो



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, एक माह में दिल्ली के आजादपुर मंडी में टमाटर का थोक भाव 50 फीसदी घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। 14 अक्तूबर को यह 5,883 रुपये था। महाराष्ट्र के पिंपलगांव, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की मंडियों में भी कीमतें गिरी हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, एक माह में दिल्ली के आजादपुर मंडी में थोक भाव 50 फीसदी घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। 14 अक्तूबर को यह 5,883 रुपये था। महाराष्ट्र के पिंपलगांव, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की मंडियों में भी कीमतें गिरी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, हालांकि आंध्र प्रदेश के मदनपल्ले और कर्नाटक के कोलार में प्रमुख टमाटर केंद्रों पर आवक कम हो गई है, लेकिन महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से मौसमी आवक के कारण देश भर में आपूर्ति की कमी को पूरा करने के कारण कीमतें कम हो रही हैं। टमाटर उत्पादन चार फीसदी बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में अक्तूबर और नवंबर मुख्य बुआई का समय है।

### एक और प्याज एक्सप्रेस दिल्ली पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कीमतों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से एक और प्याज एक्सप्रेस दिल्ली पहुंची है। नासिक से विशेष मालगाड़ी से करीब 1,341 टन प्याज दिल्ली पहुंचा है।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। किसी अपने ही व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है।

**सिंह :** शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। कुंआरों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। शारीरिक समस्या हो सकती है।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है। सफलता प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक :** पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी।

**धनु :** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**मकर :** किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें।

## चुटकुले

पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है
जहां आप रेलवे स्टेशन जाकर पूछ सकते हैं कि,
भाई 9 बजे वाली ट्रेन कितने बजे आएगी...

---

पत्नी अपने पति की ऊंगली बिजली के बोर्ड
में डालने लगी
पति हाथ छुड़वाते हुए बोला 'करंट लग जायेगा'
पत्नी- डोंट वरी कल ही करवाचौथ का व्रत किया है
चेक कर रही हूं व्रत में कोई कमी तो नहीं रह गई....

---

मोनू- जितना आपकी बेटी 1 महीने में उड़ाती है,
1 हफ्ते में मेरी गाड़ी उतना तेल खाती है....
लड़की का बाप- ऐसी कौन सी गाड़ी चलाता है बे
मोनू- रोडरोलर...

---

मास्टर- पढाई शुरू कर दो, पेपर आने वाले हैं
पप्पू- मैं तो खूब पढाई करता हूं, कुछ भी पूछ लो
मास्टर- बता ताजमहल किसने बनाया
पप्पू- मिस्त्री ने
मास्टर- अबे गधे मतलब किसने बनवाया
पप्पू- ठेकेदार ने बनवाया होगा...

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे रोहित शर्मा जसप्रीत बुमराह करेंगे कप्तानी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** टीम इंडिया इस समय बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है, जहां उसे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, रोहित इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे और टीम की कमान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के हाथों में होगी।

हाल ही में एक बार फिर पिता बनने वाले रोहित शर्मा दूसरे मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे और एडिलेड में होने वाले मैच में टीम की कमान संभालेंगे।



ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के चलते रोहित ने भारत में ही रहने का फैसला किया था। उनकी अनुपस्थिति में टेस्ट टीम के उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। बुमराह ने इससे पहले 2022 में एजबेस्टन में रोहित के कोरोना से संक्रमित होने के बाद भी टेस्ट में भारतीय टीम की अगुवाई की थी।

उल्लेखनीय है कि रोहित की पत्नी रितिका बच्चे को जन्म देने वाली थीं, तभी से उनके ऑस्ट्रेलिया न जाने की बातें चल रही थीं। रितिका ने 15 नवंबर को बेटे को जन्म दिया है। इसके बाद लग रहा था कि रोहित ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकते हैं। लेकिन उन्होंने कहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ और समय बिताना चाहते हैं।

रोहित ने बीसीसीआई और चयनकताओं को पहला टेस्ट न खेल पाने की संभावनाओं से अवगत करा दिया था, लेकिन उन्होंने बच्चे के जन्म की तिथि के अनुसार अंतिम समय में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने का विकल्प भी खुला रखा था। अब जो जानकारी सामने आ रही है उससे लग रहा है कि रोहित दूसरे टेस्ट मैच से पहले ही टीम के साथ जुड़ेंगे।

रोहित की अनुपस्थिति में टीम की कमान जहां उपकप्तान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे, वहीं केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत कर सकते हैं। हालांकि, अभी इस मामले में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को घर लाने का समय आ गया : नाथन लियोन

**पर्थ, 18 नवंबर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने लगभग दस साल से भारत के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर सफलता का स्वाद नहीं चखा है, लेकिन अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन इस बार अपनी टीम की संभावनाओं को लेकर पॉजिटिव हैं।

बेशक ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में लगातार हार मिली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 और भारत के घर पर वनडे विश्व कप 2023 में कंगारूओं ने भारत को हराया है। ऐसे में उनका आत्मविश्वास भारत के मुकाबले अधिक होगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों से हराकर जून 2023 में द ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण जीता था। यह दो साल के चैंपियनशिप चक्र में उनकी पहली जीत होगी।



लियोन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, ₹भारत ने पिछली कुछ सीरीज में हम पर बढ़त हासिल की है। लेकिन अगर आप इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (फाइनल) को देखें, तो हम उन्हें वहां हराने में सक्षम थे। मुझे लगता है कि इससे हमें इस गर्मी में थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिलेगा।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹हम एक विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ खेल रहे हैं, लेकिन हम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के रूप में जहां हैं, उससे बहुत आत्मविश्वास प्राप्त कर सकते हैं। मुझे लगता है कि हम एक महान टीम बनने की यात्रा पर हैं। हालांकि, हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं और हमें और मेहनत करनी है, लेकिन हमारे पास इस गर्मी में कुछ खास करने का अवसर है।₹

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो टेस्ट दौरों पर 2-1 के समान अंतर से जीत हासिल की है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया को इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, लियोन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया में पर्थ, एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान भारत वापसी करेगा।

उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि वे बेहद खतरनाक हैं। वे एक बेहतरीन टीम हैं और उन्हें अपनी सर्वश्रेष्ठ तैयारी और यहां आकर प्रदर्शन करना आता है। यह एक शानदार टेस्ट सीरीज होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया को ये ट्रॉफी जीते हुए दस साल हो गए हैं। हममें से कुछ ही ऐसे हैं जो शायद उस टीम में शामिल होंगे जिसने वास्तव में ट्रॉफी अपने नाम की है। इसलिए इसे घर लाने का समय आ गया है।₹

# पश्चिम बंगाल ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली, 18 नवंबर।** पश्चिम बंगाल के तैराकों ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप 2024 में पूरे दबदबे के साथ स्विमिंग पूल पर राज करते हुए, कुल 151 पदकों के साथ टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता। उसके खाते में 67 स्वर्ण, 43 रजत और 41 कांस्य पदक रहे।



उपविजेता कर्नाटक कुल 50 पदकों के साथ काफी पीछे रहा। उनके तैराकों ने 17 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य पदक जीते।

21 पदकों के साथ उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला। उन्होंने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदक जीते। हरियाणा ने भी 21 पदक (6 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य) जीते लेकिन उत्तराखंड से 2 स्वर्ण कम जीतने के कारण उसे चौथा स्थान मिला।

महाराष्ट्र ने 13 पदक (4 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य) जीतकर 5वां स्थान प्राप्त किया। मणिपुर को 8 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य) के साथ छठा स्थान मिला। मेजबान दिल्ली ने 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य) जीते और पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी हॉकी कोच डॉ. ए के बंसल ने विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। डॉ. बंसल सभी उम्र के फिनस्विमर्स को भारी संख्या में भाग लेते देखकर रोमांचित थे।

अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (यूएसएफआई) द्वारा युवा मामले और खेल मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप, यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स में समाप्त हुई। चैंपियनशिप में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिनिधित्व किया। 19 राज्यों की टीमों के फिनस्विमर्स ने एक या अधिक पदक जीते हैं।

# महिला हॉकी एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी : सेमीफाइनल मुकाबले में जापान की चुनौती के लिए भारत तैयार

**राजगीर (बिहार), 18 नवंबर।** महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। लगातार जीत के साथ टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। भारत और जापान के बीच रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले के लिए मंच भी सज चुका है।



दोनों ही टीमों ने सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पूरे टूनामेंट में दमदार प्रदर्शन किया है। ये मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा और इस दिन यह तय हो जाएगा कि कौन सी टीम 20 नवंबर को होने खिताबी मुकाबला खेलेगी।

भारत शानदार फॉर्म में है और पांच मैचों में 15 अंकों के शानदार रिकॉर्ड के साथ ग्रुप स्टेज में शीर्ष पर रहा। उन्होंने कुल 26 गोल किए हैं और केवल दो गोल खाए हैं। इस बीच, जापान ग्रुप स्टेज में पांच अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा, उसने 6 गोल किए और 9 खाए। उनका आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला रविवार को भारत की 3-0 की जीत के साथ समाप्त हुआ।

सलीमा ने सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम के मूड के बारे में बताते हुए कहा, जैसे ही हम बस से उतरते हैं, नेहा सभी को डांस करने के लिए बुलाती है और इससे माहौल पूरी तरह बदल जाता है। हम सभी उसको फॉलो करने की कोशिश करते हैं। भले ही हम उस जितने उत्साह में न हों, लेकिन यह पूरी टीम को उत्साहित करता है।

उन्होंने आगे कहा, हम मुस्कुराते हुए मैदान पर उतरते हैं और परिणाम खुद ही सब कुछ बयां कर देते हैं। जापान एक मजबूत टीम है और ग्रुप चरण में हमने उनके खिलाफ मुश्किल मैच खेला था, लेकिन हमें अपनी तैयारी और अपने साथियों पर पूरा भरोसा है। हम सेमीफाइनल में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेजबान टीम ने टूनामेंट में अब तक सभी तरह के शानदार प्रदर्शन किए हैं। टीम के लिए स्कोरिंग की अगुवाई दीपिका कर रही हैं, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में 10 गोल किए हैं। संगीता कुमारी भी फॉरवर्ड लाइन में सक्रिय रही हैं, उनके नाम भी चार गोल हैं।

जापान को अपने मजबूत डिफेंस के लिए जाना जाता है, जिसने पिछले मुकाबले में भारत को अधिकांश समय तक कड़ी चुनौती दी थी। मियु हसेगावा दो गोल के साथ जापान की सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी हैं।

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, पूल मैच और सेमीफाइनल में काफी फर्क है। सभी टीमें अपनी-अपनी योजनाएं लेकर आती हैं और हमें जापान से निश्चित रूप से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, वे एक मजबूत टीम हैं। लेकिन हमें अपना होमवर्क करना होगा। हमें यह पता लगाना होगा कि हम कहां ज्यादा मौके बना सकते हैं। अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना और जिस तरह से हम खेलना चाहते हैं, वैसा खेलना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

# टीम इंडिया लगाएगी जीत की हैट्रिक?



**नई दिल्ली, 18 नवंबर।** टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने से पहले पर्थ में जमकर पसीना बहा रही है। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर पर हराकर हैट्रिक पूरा करने का सपना देख रही है। लेकिन इस बार कुछ चीजें भारत के पक्ष में नहीं है।

न ही इस बार हमारे पास चेतेश्वर पुजारा हैं और न ही अजिंक्य रहाणे, जो पिछले दोनों दौरों पर बल्ले से अहम खिलाड़ी थे। इतना ही नहीं, पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा भी नहीं है, जबकि विराट कोहली का खामोश बल्ला टीम की एक बड़ी परेशानी है।

टीम इंडिया के लिए न सिर्फ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी दांव पर है बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप से भी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आन-बान और शान की लड़ाई में विश्व की दो दिग्गज टीमें 22 नवंबर से पर्थ में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कहावत है, 'नींव हो मजबूत तो इमारत होगी बुलंद'। पर्थ टेस्ट इस बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की सीरीज के लिए नींव का काम करेगा और यहां जो बाजी मारेगा, काफी हद तक उसका पलड़ा पूरी श्रृंखला में भारी हो सकता है।

दोनों टीमों की फार्म की बात करें तो कहीं न कहीं टीम इंडिया बैकफुट पर नजर आ रही है। खास तौर पर दोनों टीमों के पेस अटैक की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी लाइन-अप ज्यादा मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया में जीतने के लिए तेज गेंदबाज सबसे बड़े हथियार साबित होते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 6 तेज गेंदबाजों को भारतीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। लेकिन विरोधी टीम के 3 मुख्य तेज गेंदबाजों (पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड) के सामने ये कमतर नजर आते हैं।

भारतीय टीम में मौजूद गेंदबाज- जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा (डेब्यूटेंट) और नीतीश कुमार रेड्डी (डेब्यूटेंट) हैं। केवल जसप्रीत बुमराह ही हैं जिन पर टीम भरोसा कर सकती है। सिराज की फॉर्म अच्छी नहीं है जबकि तेज गेंदबाज अनुभवहीन हैं।

बल्लेबाजी की बात करे तो वहां भी भारत का हाल ज्यादा अच्छा नहीं है। पहले टेस्ट से रोहित शर्मा बाहर हैं और शुभमन गिल भी प्रैक्टिस के दौरान चोटिल होने के कारण बाहर हो सकते हैं। विराट कोहली फार्म में नहीं है और केएल राहुल भी संघर्ष कर रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंग्लिश महिला टी20 टीम में एलिस कैप्सी शामिल

**नई दिल्ली, 18 नवंबर।** ऑलराउंडर एलिस कैप्सी को आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंग्लैंड की महिला टी20 टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड की टीम 24 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। साथ ही, इसके बाद चार दिवसीय टेस्ट मैच भी खेला जाएगा

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि 20 वर्षीय एलिस अब टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगी क्योंकि टीम में कुछ मामूली चोट की समस्या है। इसमें बताया गया है कि एलिस, जो मौजूदा महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रही हैं, सोमवार को दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड टीम से जुड़ेंगी।

एलिस को इस साल की महिला टी20 विश्व कप में तीन पारियों में खराब फॉर्म के कारण टी20 टीम से बाहर रखा गया था, जहां इंग्लैंड को ग्रुप-स्टेज से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह ऑलराउंडर पैगे स्कोल्फील्ड को टी20 टीम में शामिल किया गया, जिन्होंने आयरलैंड में द्विपक्षीय सीरीज में सीनियर अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था।

टीम की घोषणा करते समय मुख्य कोच जॉन लुईस ने उस समय कहा था कि एलिस को टी20 टीम से बाहर रहने के दौरान बल्ले से निरंतरता बनाए रखने के लिए कहा गया था।

उन्होंने कहा, मैं एलिस के बारे में जो जानता हूं, वह खुद पर भरोसा करने वाली खिलाड़ी हैं। वे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि समय के साथ वह खेल के सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए बहुत सारे मैच खेलेगी, लेकिन फिलहाल वह गलत दिशा में आगे बढ़ रही हैं और ईमानदारी से कहूं तो हमें थोड़ा सा बदलाव करने की आवश्यकता है।

इंग्लैंड अपनी तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरूआत 24 नवंबर को ईस्ट लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 27 और 30 नवंबर को क्रमशः बेनोनी और ईस्ट लंदन में मैच खेले जाएंगे।



# आर्सेनल की बढ़ी मुश्किल, नेशंस लीग मैच के दौरान लिएंड्रो घायल

**बुडापेस्ट, 18 नवंबर।** बेल्जियम के नेशंस लीग मैच में इजरायल के खिलाफ मैच के दौरान लिएंड्रो ट्रोसार्ड को चोट लगने के कारण मैदान से बाहर होना पड़ा। इसके बाद एक बार फिर आर्सेनल के मैनेजर मिकेल आर्टेटा के सामने चयन को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है।



टीम की आक्रामक लाइनअप में अहम भूमिका निभाने वाले लिएंड्रो ट्रोसार्ड हाल ही में चोटिल खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिसमें पांच अन्य फर्स्ट टीम खिलाड़ियों का नाम पहले ही लिस्ट में है। अब नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ क्लब के आगामी प्रीमियर लीग मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता संदिग्ध लग रही है।

इस सीजन में आर्सेनल के 17 मैचों में से 15 में खेलने वाले बेल्जियम के फॉरवर्ड को मैच के अधिकांश समय में थोड़ी तकलीफ में देखा गया, जिसके कारण 37वें मिनट में उन्हें लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा। 21 वर्षीय जोहान बाकायोको उनके सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतारे गए। यह झटका तब लगा जब कुछ दिन पहले ही इटली के खिलाफ बेल्जियम की हार में ट्रोसार्ड ने पूरे 90 मिनट खेले थे।

आर्टेटा के लिए यह समय इससे बुरा नहीं हो सकता, जो पहले से ही बुकायो साका और डेक्लान राइस सहित प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रहा है।

# जूनियर एशिया कप : आमिर अली की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, 18 नवंबर ।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। ये टूनामेंट एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, और इसका आगाज 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होगा।



भारत ने यह टूनामेंट रिकॉर्ड चार बार जीता है; जिसमें 2023, 2015, 2008 और 2004 शामिल हैं। पिछले साल उन्होंने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था।

इस प्रतियोगिता में महाद्वीप की 10 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो पूल में बाटा गया है। पूल ए में भारत, चीनी ताइपे, जापान, कोरिया और थाईलैंड और पूल बी में बांग्लादेश, मलेशिया, चीन, ओमान और पाकिस्तान है। भारत मेजबान होने के कारण एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है, लेकिन कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में टीम सुल्तान जोहोर कप में अपनी हालिया सफलता की लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की कमान आमिर अली के हाथों में होगी, जबकि रोहित उप-कप्तान होंगे। गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह भारत के लिए पोस्ट की रखवाली करेंगे जबकि डिफेंडर आमिर अली, तालेम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, योगेंबर रावत, अनमोल एक्का और रोहित को टीम में शामिल किया गया है।

मिडफील्डर अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन, मुकेश, थोकचोम किंग्सन सिंह और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अरजीत सिंह हुंदल हैं।

# भारत के वार्म-अप मैच न खेलने पर पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली, 18 नवंबर।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले वार्म-अप मैच न खेलने के भारत के फैसले पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, यह मुद्दा सिर्फ टीम इंडिया से जुड़ा नहीं है।



भारत का यह दृष्टिकोण उनके पिछले दो ऑस्ट्रेलिया दौरों से अलग है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए स्थानीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धी अभ्यास मैच खेले थे।

2018/19 और 2020/21 के दोनों सीरीज में भारत ने इन मैचों का उपयोग सीरीज की तैयारी के लिए किया और उसके बेहतर नतीजे भी मिले। हालांकि, इस बार भारत का पहला प्रतिस्पर्धी मैच शुक्रवार से पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच होगा। वॉन ने सवाल उठाया कि क्या भारत ने ऑस्ट्रेलिया का उसके घर में सामना करने की चुनौती के लिए पर्याप्त तैयारी की है। उन्होंने नेट सत्र और मैच सिमुलेशन के पक्ष में वाका में तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वाड मैच को रद्द करने के बीसीसीआई के फैसले पर हैरानी जताई। वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि भारत जैसी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले सिर्फ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलना चाहती है। इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलकर आप खुद को उस प्रतिस्पर्धी मानसिकता में कैसे ला सकते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने वाका पर खेलने के महत्व को बात करते हुए कहा कि यह पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम की पिच के समान उछाल और गति प्रदान करता है।

# भाजपा के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बीजेपी ने शहर में रोड शो निकाला। इस रोड शो में बीजेपी के सभी नेता शामिल हुए। अनेक स्थानों पर व्यापारियों ने रोड शो का स्वागत किया।

# विपक्ष के नेता ने चुनाव आयोग के प्रमुख को काले पेंट से नहलाया, नतीजों के एलान से पहले आंख में आई चोट

**तब्लीसी ।** जॉर्जिया में हाल ही में संसदीय चुनाव के नतीजों का एलान हुआ है। इसमें रूस समर्थक जॉर्जियन ड्रीम पार्टी की जीत हुई है। हालांकि, इससे जुड़े नतीजों के एलान के दौरान जॉर्जिया में ऐसी घटना हुई, जिसने लोकतंत्र को तार-तार कर दिया।

दरअसल, यहां विपक्ष के एक नेता ने चुनाव आयोग के प्रमुख पर काला पेंट डाल दिया। इससे अधिकारी की आंख में चोट आई है।

एक्स पर इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया गया है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि अधिकारियों के पैनल के साथ बैठे केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख जियोर्जी कलंदरिशविली जब संसदीय चुनाव के नतीजों का एलान करने जा रहे थे, ठीक उसी दौरान विपक्षी पार्टी यूनाइटेड नेशनल मूवमेंट (यूएनएम) के नेता डेविड किर्तादृजे उनकी तरफ चलकर आते हैं और जियोर्जी पर काला पेंट फेंक देते हैं। यह पेंट जियोर्जी के चेहरे पर गिरता है।



बताया गया है कि विपक्षी दल देश में चुनाव के नतीजों के मानने से इनकार कर रहे हैं।

उनका आरोप है कि चुनाव में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं और इनमें रूस का भी दखल रहा है।

## जॉर्जिया में क्या रहे चुनावी नतीजे

रूस समर्थक जॉर्जियन ड्रीम पार्टी को 53.9 फीसदी वोट मिले थे। उसने संसद की 150 में से 89 सीटें हासिल कीं। इस चुनाव में हुई वोटिंग के बाद विपक्ष ने राजधानी तब्लीसी में प्रदर्शन किया था। विपक्षी दलों का आरोप था कि चुनाव में धांधली हुई है। दूसरी तरफ दो अमेरिकी सर्वे एजेंसियों ने भी इन चुनाव नतीजों में गड़बड़ियों के संकेत दिए।

हालांकि, विपक्षी नेता की इस हरकत की काफी निंदा हुई है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने कहा कि उसने इस घटना को लेकर जांच बिठा दी है। चेहरे पर पेंट फेंके जाने के बाद जियोर्जी प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिर लौटे।

हालांकि, इस बार उनकी बाईं आंख में पट्टी बंधी थी। उन्होंने बैठक में जॉर्जिया के चुनाव नतीजों पर हस्ताक्षर किए और उसे 26 अक्तूबर को हुए चुनाव का विजेता घोषित किया। रूस समर्थक जॉर्जियन ड्रीम पार्टी को 53.9 फीसदी वोट मिले थे। उसने संसद की 150 में से 89 सीटें हासिल कीं। इस चुनाव में हुई वोटिंग के बाद विपक्ष ने राजधानी तब्लीसी में प्रदर्शन किया था।

विपक्षी दलों का आरोप था कि चुनाव में धांधली हुई है। दूसरी तरफ दो अमेरिकी सर्वे एजेंसियों ने भी इन चुनाव नतीजों में गड़बड़ियों के संकेत दिए।

# गाजा में 30 तो तिर्र में 11 मरे, 48 घायल लेबनान में हिज्बुल्ला मीडिया चीफ ढेर

**गाजा ।** पश्चिम एशिया में हिंसक संघर्ष का दौर जारी है। ताजा घटनाक्रम में उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में इस्राइली सेना ने हमले किए हैं। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक सेना की कार्रवाई में 30 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के निदेशक ने इसकी जानकारी दी। इसके अलावा इस्राइली सेना ने लेबनान के बेरूत पर भी कार्रवाई की। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार बेरूत पर इस्राइली हमले में हिज्बुल्ला के मीडिया चीफ की मौत हो गई। हिज्बुल्ला ने इसकी पुष्टि की है।



## लेबनान में कई जगहों पर हमले, 11 की मौत

लेबनान के तिर्र क्षेत्र में इस्राइली सेना के हमलों में 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। हमलों में 48 लोग घायल भी हुए हैं। समाचार एजेंसी एएफपी ने लेबनान के मंत्रालय के हवाले से इस्राइली सेना की कार्रवाई की जानकारी दी है।

## इस्राइली हमले में दो लेबनानी सैनिक मारे गए

इस बीच लेबनान की सेना ने कहा कि रविवार को इस्राइली हमले में दो सैनिक मारे गए। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने दक्षिणी लेबनान में उनके ठिकानों को सीधे निशाना बनाया, जहां इस्राइल और हिजबुल्ला में जंग हो रही है।

सेना ने एक बयान में कहा कि इस्राइल ने हसबाया क्षेत्र के एक सेना केंद्र को सीधे निशाना बनाया, जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। इसके तुरंत बाद एक अलग बयान में कहा गया कि एक दूसरे सैनिक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

# पशु कल्याण जांच के दौरान अधिकारी की अमानवीय करतूत सात कुत्तों की गोली मारकर हत्या की, गिरफ्तार किया गया

**टेनेसी ।** टेनेसी के एक पुलिस अधिकारी पर पशु कल्याण जांच के दौरान सात कुत्तों को गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने कुत्तों को गोली तब मारी, जब उनके मालिक डिनर के लिए बाहर गए हुए थे। मैकनेरी काउंटी शेरिफ के पूर्व डिप्टी कॉनर ब्रैकिन ने कुत्तों के बारे मं एक रिपोर्ट मिलने के बाद चार नवंबर को बेथेल स्प्रिंग्स घर में कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि स्थान पर पहुंचने के बाद ब्रैकिन ने बिना किसी कारण कुत्तों पर गोली चला दी।



## डिनर के लिए बाहर गए हुए थे कुत्तों के मालिक

कुत्ते के मालिक केविन डिसम्यूक और उनकी पत्नी डिनर के लिए बाहर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि तीन कुत्तों घर के अंदर और चार को घर के बाहर मार दिया गया है।

इस घटना को लेकर मीडिया से बात करते हुए डिसम्यूक ने कहा, .223 कैलिबर राइफल के साथ वाहन से बाहर निकालकर उसने मेरे घर पर गोली चला दी।

उन्होंने बताया कि कानून प्रवर्तन की एक रिपोर्ट में गलत दावा किया गया था कि उनके कुत्ते कुपोषित थे और उन्हें छोड़ दिया गया था। डिसम्यूक ने कहा, मुझे नहीं मालूम कि उनके मन में यह विचार कहा से आया कि कुत्ते कुपोषित थे और उन्हें छोड़ दिया गया है। उसने ऐसा क्यों किया, इसका जवाब मेरे पास नहीं है। मेरे पास इसका उत्तर कभी नहीं होगा।

## आरोपी के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

मंगलवार को ब्रैकिन के खिलाफ वॉरंट जारी किया गया था। बॉन्ड पर रिहा होने से पहले उसने अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया था। घटना के समय ब्रेकिन एक महीने से भी कम समय तक शेरिफ कार्यारत में रहे थे। बाद में उन्हें उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया। आरोपी पर कई मामले दर्ज किए गए है।

# लाहौर में 1.4 करोड़ लोगों की सांसों पर संकट, एक दिन में 75 हजार बीमार; मुल्तान में स्वास्थ्य आपातकाल

**लाहौर ।** पाकिस्तान का लाहौर शहर जहरीले प्रदूषण (स्मॉग) की चपेट में है। यहां वायु गुणवत्ता रिकॉर्ड खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इससे 1.4 करोड़ निवासियों की जान खतरे में है। स्थिति यह है कि एक दिन में ही 75 हजार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। यह स्मॉग आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी पैदा कर रहा है। इससे लोग घरों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन इससे भी लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पंजाब प्रांतीय सरकार ने सुबह के खतरनाक प्रदूषण से बच्चों को बचाने के लिए 17 नवंबर तक यहां स्कूल अस्थायी तौर पर बंद रखे थे। लाहौर लगातार दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार है, इस महीने लाहौर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 1,000 से ऊपर पहुंच गया। वहीं, यहां से 350 किमी दूर मुल्तान में यह 2,000 तक जा पहुंचा।



## मुल्तान संभाग में लगा है स्वास्थ्य आपातकाल

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर नुकसान को कम करने की कोशिश कर रहा है और यहां पर पार्क, खेल के मैदान और अन्य मनोरंजक क्षेत्र बंद हैं। अस्पतालों में 3,359 अस्थमा रोगियों, 286 हृदय रोगियों, 60 स्ट्रोक मामलों और 627 नेत्रशोथ के मरीजों का इलाज किया गया।

# भारत में हुआ जी20 सम्मेलन सबसे अच्छा था, भारत-ब्राजील चैंबर के निदेशक ने जमकर की तारीफ

**रियो डी जेनेरियो ।** भारत ब्राजील चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी निदेशक ने कहा है कि भारत और ब्राजील के बीच व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अभी दोनों देशों के बीच सालाना 15 अरब डॉलर का व्यापार होता है। उन्होंने भारत में हुए जी20 सम्मेलन की भी तारीफ की और कहा कि भारत में हुआ जी20 सम्मेलन अब तक का सबसे अच्छा था।

गोम्स ने कहा कि 'अभी दोनों देशों के रिश्ते अच्छे दौर से गुजर रहे हैं और मुझे लगता है कि भारत में हुआ जी20 सम्मेलन सबसे अच्छा था। हम भी कोशिश कर रहे हैं कि भारत जैसा ही आयोजन करें।' ब्राजील में 18-19 नवंबर को जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी शामिल होंगे। ऐसे में इन दोनों नेताओं के साथ भी पीएम मोदी की द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती है।



## 'भारत ब्राजील के बीच व्यापार की संभावनाएं'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल दो दिवसीय दौरे पर ब्राजील में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में आयोजित हो रहे जी20 के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से दोनों देशों के बीच संबंधों में मजबूती आने की उम्मीद है। इसे लेकर भारत-ब्राजील चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी निदेशक लियानार्डो अनांडा गोम्स ने कहा कि 'अभी भारत और ब्राजील के बीच सालाना 15 अरब डॉलर का व्यापार होता है। हमारे हिसाब से अभी ये शुरूआत है और दोनों देशों के बीच व्यापार में अपार संभावनाएं हैं।' गोम्स ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छा काम कर रहे हैं और उनके ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा के साथ भी अच्छे संबंध हैं।

> **भारत के जी 20 सम्मेलन को बताया सबसे अच्छा**
> **गोम्स ने कहा कि 'अभी दोनों देशों के रिश्ते अच्छे दौर से गुजर रहे हैं और मुझे लगता है कि भारत में हुआ जी20 सम्मेलन सबसे अच्छा था। हम भी कोशिश कर रहे हैं कि भारत जैसा ही आयोजन करें**

ट्रोइका सदस्य होने के नाते ब्राजील में हो रहे जी20 सम्मेलन में एजेंडा तय करने में भारत की भूमिका अहम रहेगी। ब्राजील भी ग्लोबल साउथ के मुद्दे पर फोकस रख सकता है।

# पाकिस्तान में गर्भवती महिला की बेरहमी से हत्या सास ने शव को दर्जनों टुकड़े कर नाले में फेंका

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक गर्भवती महिला की उसकी सास ने कथित तौर पर हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीन साथियों के साथ मिलकर उसके शव को दर्जनों टुकड़ों में काटा और नाले में फेंक दिया। घटना पिछले सप्ताह लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले के दासका में हुई। पुलिस ने बीते दिन इसकी जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, मामले में चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इसमें मृतक की सास सुघरान बीबी, उसकी बेटी यास्मीन, उसका पोता हमजा और दूर के रिश्तेदार नवीद शामिल हैं। मृतक जारा कादिर (20) पिछले हफ्ते लापता हो गई थी। बाद में पुलिस को तीन बोरियों में एक महिला की कटी हुई लाश मिली, जिसकी पहचान जारा के रूप में हुई। संदिग्धों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।



**आरोपियों ने जूर्म कबूला :** एक पुलिस अधिकारी की बेटी जारा ने चार साल पहले कादिर अहमद से शादी की थी। उनका एक तीन साल का बेटा है। शादी के बाद वह अपने पति के पास सऊदी अरब चली गई थी। वह वहां काम करता है। वह कुछ महीने पहले पाकिस्तान लौट आई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उमर फारूक ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि संदिग्धों ने जारा की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े करने की बात कबूल कर ली है।

> **पुलिस को तीन बोरियों में एक महिला की कटी हुई लाश मिली, जिसकी पहचान जारा के रूप में हुई।**

## 'जादू टोना' करने का संदेह

कबूलनामें में सुघरान बीबी ने कहा कि उसे जारा पर कथित तौर पर 'जादू टोना' करने का संदेह है। इसके अलावा उसके बेटे कादिर ने अपनी मां के बजाय जारा को सीधे उसके बैंक खाते से पैसे भेजने शुरू कर दिए थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों संदिग्धों ने जारा को सोते समय तकिए से दबा दिया। इसके बाद उन्होंने उसका चेहरा जला दिया और उसके शरीर के दर्जनों टुकड़े कर दिए और फिर उसे तीन बोरियों में भरकर नाले में फेंक दिया। जारा के पिता ने सुघरान पर संदेह जताया था। सुघरान जारा के पिता की बहन भी थी। हत्या का मामला दर्ज किया गया उन्होंने कहा कि यह ईर्ष्या का मामला है। सास और उसकी बेटी ने न केवल जारा की हत्या की, बल्कि घृणा में उसके शरीर को टुकड़ों में काट दिया। सुघरान और यास्मीन का मानना है ।

# सुधा मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक की जमकर तारीफ की, बोलीं- उन्हें अच्छे भारतीय संस्कार मिले हैं

**लंदन ।** राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक की जमकर तारीफ की है। मूर्ति ने कहा कि ऋषि को अपने माता-पिता से अच्छे भारतीय संस्कार मिले हैं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों वाले ब्रिटिश नागरिक हैं। सुधा मूर्ति ने शनिवार शाम को लंदन में भारतीय विद्या भवन के वार्षिक दिवाली समारोह में शिरकत की। इस दौरान यूके के पूर्व पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## सुधा मूर्ति ने कहा- अपनी जड़ों से जुड़े रहें

सुधा मूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'मेरा हमेशा मानना है कि जब आप विदेश में रहते हैं, तो माता-पिता को दो चीजें करनी चाहिए: एक अच्छी शिक्षा, जो आपको उड़ने के लिए पंख देती है; दूसरा महान संस्कृति, आपकी उत्पत्ति भारतीय जड़ों से हुई है, जो आपको अपने माता-पिता के साथ भारतीय विद्या भवन में मिल सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी सहेली और अच्छी मित्र उषा जी को बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने अपने बेटे ऋषि सुनक, जो पूर्व प्रधानमंत्री हैं, को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने का बेहतरीन काम किया, इससे ऋषि एक गौरवान्वित ब्रिटिश नागरिक बने और साथ ही उनमें अच्छे भारतीय सांस्कृतिक मूल्य भी आए। जिस दौरान सुधा मूर्ति ने ये बात कही उस वक्त ऋषि सुनक के माता-पिता ऊषा और यशवीर सुनक भी दर्शकों में मौजूद थे।



सुधा मूर्ति ने ब्रिटिश भारतीय समुदाय से भारतीय विद्या भवन यूके की सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए 'मानसिक, शारीरिक और वित्तीय' मदद देने की अपील की।

उन्होंने यूके में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भेजने की भी अपील की। दिग्गज भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस के फाउंडर नारायणमूर्ति की पत्नी और मशहूर लेखिका सुधा मूर्ति ने कहा कि 'आपको अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति को समझने के लिए यहां भेजना चाहिए क्योंकि जब आप बड़े हो जाते हैं तो लोगों का अपनी जड़ों की ओर झुकाव हो जाता है। भारतीय विद्या भवन उस कमी को पूरा करता है।

> **सुधा मूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'मेरा हमेशा मानना है कि जब आप विदेश में रहते हैं, तो माता-पिता को दो चीजें करनी चाहिए: एक अच्छी शिक्षा, जो आपको उड़ने के लिए पंख देती है, दूसरा महान संस्कृति**

**दिवाली कार्यक्रम में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम :** कार्यक्रम के दौरान यूके में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी भी शामिल हुए और उन्होंने भी सुधा मूर्ति के विचारों की सराहना की। विद्या भवन यूके के अध्यक्ष सुभानु सक्सेना और कार्यकारी निदेशक डॉ एम.एन. नंदकुमार ने वैदिक मंत्रों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की और भारतीय कला, संगीत, नृत्य, योग और भाषाओं में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विद्या भवन की कई उपलब्धियों के बारे में बताया। गौरतलब है।

# ट्रंप इन्हें सौंपेंगे अमेरिकी संचार एजेंसी का नेतृत्व, बड़ी टेक कंपनियों के हैं विरोधी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कैबिनेट के लिए कई नए नामों का एलान किा है। अब इस लिस्ट में ब्रेंडन कार का नाम भी जुड़ गया है, जो कि एलन मस्क के करीबी बताए जाते हैं। ब्रेंडन कार को इसलिए भी जाना जाता है, क्योंकि वह बड़ी टेक कंपनियों के आलोचक रहे हैं। अब इस बीच ट्रंप ने एलान किया है कि ब्रेंडन अब अमेरिका के संघीय संचार आयोग (एफसीसी) का नेतृत्व करेंगे। अमेरिका में इस आयोग का काम भारत के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की तरह है।



डोनाल्ड ट्रंप ने इस पद के लिए ब्रेंडन कार के नाम का एलान करते हुए कहा कि वह अमेरिकियों की आजादी को दबाने वाले नियामकों के खिलाफ लड़ चुके हैं और वह अमेरिका के रोजगार प्रदाताओं को परेशान करने वाले नियामकों के नियमों को खत्म करने का काम करेंगे।

> **डोनाल्ड ट्रंप ने इस पद के लिए ब्रेंडन कार के नाम का एलान करते हुए कहा कि वह अमेरिकियों की आजादी को दबाने वाले नियामकों के खिलाफ लड़ चुके हैं और वह अमेरिका के रोजगार प्रदाताओं को परेशान करने वाले नियामकों के नियमों को खत्म करने का काम करेंगे**

ट्रंप के इस एलान पर कार ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एफसीसी प्रमुख की भूमिका मिलने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने एक और पोस्ट में कहा कि हमें सेंसरशिप से जुड़े संगठनों को खत्म करना होगा और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार को अमेरिकियों के लिए दोबारा लागू करना होगा।

# नगर निगम को मिली बड़ी जीत : 3 साल 20 दिन में व्हाइट प्लाकार्ड केस का हुआ निर्णय

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में 72 करोड़ का क्लेम हुआ खारिज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम को बड़ी जीत हासिल हुई है। लगभग 3 वर्षों से चल रहे मै. व्हाइट प्लाकार्ड केस पर मा. आर्बीट्रेशन द्वारा अहम निर्णय लिया गया है जिसमें 72 करोड़ का क्लेम खारिज करने का निर्णय लिया गया है, उक्त निर्णय में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 40 सुनवाई गहनता से की गई। 41वीं सुनवाई 17 नवंबर 2024 को निगम हित में निर्णय हुआ है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में पुराने से पुराने चल रहे केस को भी गति मिल रही है तथा निर्णायक स्थिति बन रही है जो कि सराहनीय है। आश



कुमार द्वारा बताया गया माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में तीन सदस्य कमेटी गठित की गई जिसमें तीन आर्बिट्रेटर नियुक्त किए गए जिसमें जनार्दन सहाय न्यायाधीश रिटायर्ड, राकेश तिवारी न्यायाधीश रिटायर्ड तथा संजय हरकोली न्यायाधीश रिटायर्ड रहे जिनके द्वारा व्हाइट प्लाकार्ड के केस में निर्णय लिया गया। तत्कालीन प्रकाश प्रभारी आश कुमार, विधि अधिक्षक विशाल गौरव व अन्य टीम को नगर आयुक्त द्वारा मोटिवेट भी किया गया है, शहर को प्रकाश युक्त बनाने में जनप्रतिनिधियों तथा निगम अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है जो कि प्रशंसनीय है।

### "The claims and the counter claims are rejected", मा. आर्बीट्रेशन ने लिया निर्णय : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया 28 नवंबर 2021 को व्हाइट प्लाकार्ड द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की गई, जिसमें फर्म द्वारा 23 अप्रैल 2022 को 72 करोड़ का दावा नगर निगम के विरुद्ध किया गया, इसके उपरांत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 30 अक्टूबर 2022 को अपना काउंटर क्लेम 125 करोड़ का दाखिल किया गया। लगभग 2 वर्षों के बाद गाजियाबाद नगर निगम के विधि विभाग के अथक प्रयासों से प्रभावी कार्यवाही की गई जिसमें निगम हित में अहम निर्णय माननीय आर्बिट्रेशन द्वारा लिया गया, जिसमे "The claims and the counter claims are rejected" का निर्णय लिया गया।

# डॉ. उदिता त्यागी ने कौशाम्बी थाने के नोटिस का उत्तर देने के लिए पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात

## विश्व धर्म संसद के अतिथियों की सुरक्षा को मजाक ना समझे पुलिस : डॉ. उदिता त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने सोमवार को गाजियाबाद पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा से वार्ता करके पुलिस के गैरजिम्मेदाराना रवैये पर अपना विरोध दर्ज कराया और कौशाम्बी थाने से भेजे गए नोटिस का लिखित में उत्तर दिया।

पुलिस आयुक्त को दिए हुए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा कि आपको 28 अक्टूबर 2024 को एक पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था कि यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के तत्वावधान में 17,18 व 19 दिसम्बर 2024 को शिवशक्ति धाम डासना जिला गाजियाबाद में हङ्ग१ 'f फी्ं्ङ्ग४२ उङ्गल्प्ल३ङ्गल का आयोजन किया जा रहा है। कुछ अपरिहार्य कारणों से हमें अब स्थान में परिवर्तन करना पड़ रहा है। अब यह कार्यक्रम इन्हीं दिनांकों पर गाजियाबाद के कौशाम्बी स्थित रैडिसन ब्लू होटल में किया जाएगा। इस पत्र के जबाब में कौशांबी थानाध्यक्ष प्रकाश का एक दिनांक रहित पत्र मुझे कॉन्स्टेबल चन्दन सिंह के द्वारा व्यक्तिगत रूप से 15 नबम्वर 2024 को प्राप्त हुआ। जिसमें थानाध्यक्ष कौशाम्बी द्वारा हमसे 21 बिन्दुओं के माध्यम से जानकारी मांगी गई है। थानाध्यक्ष कौशाम्बी को सभी बिंदुओं पर क्रमवार जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा ने डॉ. उदिता त्यागी को उपरोक्त विषय में अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये माना कि भगवा कमांडर के प्रिय चोटी वाले त्यागी जी नहीं लेते हैं अपने काम का क्रेडिट? मगर ये बात ठीक थोड़ी है कि भगवा मीडिया वाले कर दें उनके काम को एडिट? हमने देखा बहरामपुर में संदीप भैया के पास थी जनसभा की जिम्मेदारी? वो पूरी शिद्दत से कर रहे थे यहां पर तैयारी? जैसे-जैसे कार्यक्रम परवान चढ़ा, वैसे-वैसे भीड़ जुटने लगी भारी? कार्यक्रम को सफल कराने में मजबूत थी चोटी वालों की अदाकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था रोड-शो में मौजूद? वैसे ही मेरे दिल में आया निकलती हुई तमाम गाड़ियों को देखकर ख्याल? सभी जनप्रतिनिधि थे एक रथ में भगवा कमांडर के साथ मौजूद? आखिर क्यों दूसरे रथ में अकेली चल रहीं थी मैडम दयाल? सांसद वाले चुनाव में भी हमें कुछ ऐसे ही हुए थे दीदार? कहने वाले ने कहा ये ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का स्वैग है? अकेले में दे देंती हैं वो मजबूत वाला संदेश बेशुमार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा आरडी जी की रोड-शो में दिख रही थी पूरे मान से लेकर किसी को चाहत? वो दे रहे थे सिंह साहब के वेस्टर्न वाले प्रेसीडेंट बनने के संदेश? मगर पूरे मान से मौके पर खड़े थे सिंह साहब के समर्थकों के भी फेस? वो चाह रहे थे कि पूरे मान से सिंह साहब करें महानगर अध्यक्ष बनने की तैयारी? कहने वाले ने कहा नो-डाउट, सिंह साहब बात सीधी और स्पष्ट कहते हैं, नहीं होती है उसमें कोई अदाकारी? उन्होंने समर्थकों से की अपने बात शेयर? कहा अभी दो साल तक मामला मौजूदा वालों का ही रहना है? उठा कर देख लो देश और प्रदेश का आंकड़ा? पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं कई चेहरे? बस इतना ही हमें कहना है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी हम ककक....करन के करते हैं दीदार? तब उनके जगमगाते हुए चेहरे को देख कर आते हैं हमारे दिमाग में तरह-तरह के विचार? हमने देखा रोड-शो के समापन पर व्यापार वालों के कैम्प में उन्होंने फोटों के लिए कर लिया कमांडर के साथ एडजस्ट? कहने वाले ने कहा सह-मीडिया प्रभारी वाली जिम्मेदारी संभाल कर वो काफी तेजी से सीख रहे हैं फ्रेम में आने के गुण? ये भगवागढ़ की राजनीति है, यहां अगर सेल्फ स्किल का प्रयोग ना किया जाये? तो फिर कौन किसकी बात रहा है सुण?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिन भगवा रेड फेस मैन को सलाद भाता है वो, जिसमें होते हैं खूब सारे वेजीटेबल? सुना है उन रेड फेस मैन ने तमाम कार्यकर्ताओं के बीच कहा आई एम नॉट ऐलीजेबिल? पता चला है उन्होंने किसी कार्यकर्ता की चाहत को थामने के लिए कही है ये बात? ये कार्यकर्ता चाहता था रेड फेस मैन अगले महानगर अध्यक्ष बने साहब? कार्यकर्ता के शब्दों को सुनकर उन्होंने कर दिया स्पष्ट? कहा अध्यक्षी के लिए काफी कुछ गुण चाहिए? उतने हममें नहीं हैं, ये स्वीकार करने में नहीं है हमको कोई कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे रोड शो के दौरान मौजूद? यहां पर देखते ही बन रहा था उदिता और रनीता दीदी का प्यार? पूरे रोड-शो में जगह-जगह हुए इनके एक साथ दीदार? कहने वाले ने कहा इन दोनों की आपस की ट्यूनिंग कर रही है अब हमको कन्फ्यूट? दोनों में से अब हमें किसको नेता मानना है, इन बहनों को दूर करना होगा हमारे दिमाग में उठा डिस्प्यूट? राजनीति में नेतृत्व से ही तय होता है किरदार? तभी तो आज पहलवान महामंत्री हैं और कमांडर बन गये हैं उम्मीदवार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे रोड शो में दिख रहा था हमें भाजपा नेता पवन गोयल का मजबूत वाला किरदार? रोड शो की शुरूआत से लेकर अंत तक हुए उनके मजबूती से दीदार? बहुत ही उज्जवल नजर आ रहा था हमको उनका फेस? ऐसा लग रहा था जैसे बिना कहे वो दे रहे हों भावी अध्यक्ष होने का संदेश? कहने वाले ने कहा वैसे भी काफी अनुभव है गोयल साहब के पास? क्या दिक्कत है, वो अध्यक्ष बन जायें? वैसे भी वो नहीं पालते बड़े-बड़े ख्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बजरिया से लेकर नवयुग मार्किट तक थी हमारी रोड शो पर नजरिया? हमने देखा इस आयोजन में भीड़ जुटाने का पार्षद राजीव शर्मा बने सबसे मजबूत जरिया? रोड शो की भीड़ पर जैसे ही दौड़ाया हमने फेस? भीड़ के लोगों से पूछा किसने आपको यहां पर लाकर दिया है संदेश? भीड़ से लगातार आ रही थी राजीव शर्मा के नाम पर आवाज? हमने अपनी आंखों से देखा, उन्होंने अच्छा खासा काफिला इकट्ठा किया हुआ था साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रोड शो के दौरान बीप...बीप... वाले चाचा को खूब आ रहा था क्रान्तिकारी त्यागी जी पर प्यार? वो उनके देखकर मुस्कुरा रहे थे ऐसे, जैसे शब्दों के मामले में दोनों का हो एक सा ही किरदार? तभी भगवा चर्चा ने मारा क्रान्तिकारी त्यागी पर पंच? मौके पर उन्हें किया भड़काने का प्रयास? जितना वो भड़का रहे थे उतनी मिस्टर त्यागी के चेहरे पर आ रही थी मुस्कुराहट? वो कह रहे थे समय आने पर ही अपनी मैं जुबान खोलूंगा? आप कितना ही जोर लगा लो, 20 तारीख से पहले कुछ नहीं बोलूंगा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा दिवाकर भैया ने भले ही पूरे चुनाव में किया हो सिंगल फील? मगर सुना है आने वाले महानगर अध्यक्ष की दावेदारी कर रही है उनके जख्मों को हील? वो दे रहे हैं अब हर जगह यही संदेश? हम भी पूरे जोर से मांगेंगे महानगर वाली अध्यक्षी? आखिर पार्टी में है हमारा भी पुराना फेस? कहने वाले ने कहा दिवाकर भैया के तेवर देखकर हमें हो रहा था महसूस? इस बार वो खुल कर खेलेंगे, नहीं करेंगे किसी को भी कन्फ्यूज?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

**भव्य स्वागत**





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा का रोड शो कार्यक्रम में सोमवार को गाजियाबाद सहकारी क्रय विक्रय समिति द्वारा संजीव शर्मा का पुष्प वर्षा व पटके के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चैयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत एवं सभी सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे। डायरेक्टर हरिकान्त शर्मा, डायरेक्टर विजय सिंह, डायरेक्टर सुभाष शर्मा, डायरेक्टर मोनू सूद, एवं सचिव रामअवतार शर्मा व अन्य सदस्यों के साथ मिलकर रोड शो कार्यक्रम में शिरकत की।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता और आरएलडी समर्थकों ने की सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोटगांव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और आरएलडी के समर्थकों ने मिलकर भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया। सभा का नेतृत्व अभिषेक मोंटी चौधरी ने किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए बागपत क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान को आमंत्रित किया गया। सभा के दौरान डॉ. सांगवान ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है, जो सबको साथ लेकर समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित होकर काम करता है और क्षेत्र के समग्र विकास के बारे में सोचता है। उन्होंने सभी से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए अपने मत का उपयोग करें और एक मजबूत एवं विकासशील सरकार बनाने में योगदान दें। सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने संजीव शर्मा के पक्ष में समर्थन जताते हुए जनता से भी अपील की कि वे इस चुनाव में भाजपा को चुनकर विकास की प्रक्रिया को और तेज करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जाट समाज, क्षेत्रवासी, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे, जिन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# एनसीआरटीसी और डीएमआरसी का एकीकृत क्यूआर-टिकटिंग सिस्टम हुआ लॉन्च

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार को अपने एकीकृत क्यूआर-टिकटिंग सिस्टम को आधिकारिक तौर से लॉन्च कर दिया। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में यात्रा को और अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाना है। दिल्ली-एनसीआर में एक एकीकृत, एवं डिजिटल रूप से संचालित यात्री केंद्रित नेटवर्क बनाने के उद्देश्य से इसी साल, अगस्त में एनसीआरटीसी और डीएमआरसी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया था। यह पहल उसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।




एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने मोबाइल ऐप पर नमो भारत और दिल्ली मेट्रो की टिकट बुक कर आधिकारिक तौर पर इस एकीकृत टिकटिंग सिस्टम की शुरुआत की। उन्होंने यह विश्वास जताया कि यह डिजिटल एकीकरण यात्रियों की राह तो आसान करेगा ही, साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित भी करेगा।

# अशोक संत ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए घर- घर जाकर वोट मांगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य व डॉ. अंबेडकर मिशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक संत ने सोमवार को पुरानी बस्तियों में जाटव आबादियों में सघन दौरा करते हुए भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए घर- घर जाकर वोट मांगे। अशोक संत ने नारा दिया 'जाटव समाज ने ठाना है संजीव शर्मा को जिताना है' जिन जिन जाटव बस्तियों में गये जाटव समाज ने जोरदार स्वागत के साथ साथ संजीव शर्मा को भारी बहुत से जिताने का वादा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व छोटे भाई महानगर भाजपा एस सी मोर्चे के उपाध्यक्ष व शहर मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल रामू ने सभी जाटव समाज के वरिष्ठ नागरिकों का पटका व फूल मालाओं से स्वागत किया। गाजियाबाद 56 से प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना समर्थन देकर जिताने का वादा किया। इस अवसर पर जुगल किशोर जाटव, वेद प्रकाश जाटव, विवेक जाटव, दीपक जाटव, मांगे लाल जाटव आदि लोगों की हिस्सेदारी रही।







**शुभारंभ**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 98 अहिंसा खंड के अंतर्गत हैवीटेट सेंटर में ग्रीन हार्ट फुलनेस रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ, जिसमें पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रोग्राम को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। साथ में साथी पार्षद धीरज अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# 25 नवंबर को होगा व्यापारी उद्यमी समागम : महेश आहूजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** व्यापार जगत के प्रमुख संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन का दसवां स्थापना दिवस 25 नवंबर सोमवार को गाजियाबाद कविनगर स्थित लायंस एनक्सी में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में एनसीआर क्षेत्र से तमाम एमएसएमई दिग्गज जुटेंगे यह। जानकारी संस्था के महामंत्री प्रिंस कंसल ने गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर हुई बैठक के दौरान दी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसपी त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार व राज्य सरकार सहयोगी संस्थाओं से आये अधिकारी व्यापार व उद्योग जगत की योजनाओं को विस्तार से बताएंगे। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिंस कंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम में एमएसएमई जगत के दिग्गजों को राष्ट्रीय प्रहरी सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को संपन्न हुई इस बैठक में संस्था के संरक्षक मंडल से सतीश बिंदल, डीके बंसल,







अरविंद, भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ मंत्री राकेश जैन, पश्चिम उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री स्वतंत्र चौधरी, उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, एसपी वर्मा, जिला अध्यक्ष आलोक गोयल, महामंत्री अनुज त्यागी, महानगर अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, महानगर अध्यक्ष महिला विंग किरण रहेजा, महामंत्री शिरोमणि त्यागी इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष शक्ति सिंह, शास्त्रीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर चौधरी, राष्ट्रीय कार्यालय के प्रभारी शिवकुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

**दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे**

Bantu Vandna Joshi
18h ·

मेरी बेटी तुम सदा ऐसे ही मुस्कुराती रहो हैप्पी बर्थडे महक आप सभी का आशीर्वाद मेरी बेटी पर बना रहे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बेटी के जन्मदिन पर एक मां ने अपने शब्दों के जरिए अपने जज्बात अपनी पोस्ट पर लिखे। लाडली बेटी महक के हैप्पी बर्थडे पर सभी के आशीर्वाद की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

## बोले-किसी के दबाव में नहीं लिया फैसला , आसान नहीं था आप छोड़ना




**नइ दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा मुख्यालय में मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे।

इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है। लेकिन जिन मूल्यों के लिए आम आदमी पार्टी ज्वाइन की उनका पतन देखा तो मैं दंग रह गया। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ मेरी बात नहीं है, हजारों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा सोच रहे हैं। आम आदमी अब कुछ खास आदमी बन चुके हैं। कोई सरकार अगर लगातार केंद्र सरकार से लड़ने में समय निकालेगी तो दिल्ली का विकास कैसे होगा? मेरा जितना समय मंत्री के रूप में निकला, मेरी पूरी कोशिश रही कि मैं बेहतर करूं। आज मैं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा ताकि दिल्ली का विकास कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ कर सकूं। मैंने अपनी प्रैक्टिस छोड़कर काम शुरू किया और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आप छोड़ना आसान नहीं था। आप में अब हालात ठीक नहीं है। आप में आत्मविश्वास टूट गया है। पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित हुआ हूं। कैलाश गहलोत ने रविवार को ही आप की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कैलाश गहलोत ने 19 फरवरी 2015 को पहली बार दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री के रूप शपथ ली थी। उसके बाद वह लगातार तीन बाद मंत्री बनाए गए। इस्तीफा देने से पहले कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए।

केजरीवाल को लिखे पत्र में गहलोत ने कहा कि इस समय आम आदमी पार्टी गंभीर चुनौतियां से गुजर रही है। पार्टी में राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर हावी हो गई हैं, जिससे कई वादे अधूरे रह गए हैं। जो पार्टी ने दिल्ली की जनता से किए थे। यमुना को साफ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। यमुना अब पहले से ज्यादा प्रदूषित हो गई। इसके अलावा शीशमहल (मुख्यमंत्री आवास) जैसे कई अजीबोगरीब विवाद सामने आए। इसने पार्टी की छवि खराब हुई। सवाल उठ रहे हैं कि लोग पार्टी पर विश्वास कर रहे हैं। पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं। इसने दिल्ली के लोगों को बुनियादी सेवाएं देने की हमारी क्षमता कमजोर हुई। दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है जिससे दिल्ली का वास्तविक विकास नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि राजनीतिक यात्रा दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए शुरू की थी, इसे जारी रखना चाहता हूं। यही कारण है कि आप से अलग हो रहा हूं और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

### मुख्यमंत्री ने इस्तीफा किया मंजूर

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत का मंत्री पद से स्वीकार कर लिया। वह दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि कैलाश गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। उनके ऊपर कई बार ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी हो चुकी है। ऐसे में इस छापेमारी से बचने के लिए उसके पास भाजपा में शामिल होने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा था। यह भाजपा का गंदा षड्यंत्र है। भाजपा दिल्ली चुनाव ईडी और सीबीआई के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

### मुख्यमंत्री को मिले कैलाश गहलोत के विभाग

कैलाश गहलोत के इस्तीफे के बाद उनके सभी विभाग मुख्यमंत्री को सौंप दिए गए हैं। सरकार के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश गहलोत के सारे विभाग मुख्यमंत्री आतिशी के पास रहेंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को प्रस्ताव भेज दिया है। भाजपा के नेता आज आप में होंगे शामिल उधर, आम आदमी पार्टी का दावा है कि भाजपा के कई बड़े नेता सोमवार को आप में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को प्रेस वार्ता करेंगे। दोपहर दो बजे अरविंद केजरीवाल इसकी घोषणा करेंगे।

# अयोध्या में अगर हिंदू नहीं बंटा होता तो अपमान नहीं झेलना पड़ता : सीएम योगी



**झारखंड ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को झारखंड की राजमहल विधानसभा सीट पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना में लोगों के हक पर डाका डाल रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या को लात मारकर बाहर किया जाएगा। देश में जहां भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, वहां घुसपैठियों की कोई जगह नहीं है। जबकि, झारखंड को रोहिंग्या मुसलमानों का गढ़ बना दिया गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ᳵमैं आपसे एक ही बात कहने आया हूं। जैसे यूपी के अंदर डबल इंजन की सरकार है, तो वहां न तो घुसपैठिए हैं और न कोई गो हत्या का दुस्साहस कर सकता है। कोई किसी बेटी की इज्जत पर हाथ डालने का दुस्साहस नहीं कर सकता है।

अगर किसी ने ऐसा कोई दुस्साहस किया तो मान के चलिए कि उसका यमराज के घर के लिए टिकट कट गया। यह काम झामुमो-कांग्रेस की सरकार नहीं कर सकती। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यूपी के सीएम योगी ने कहा कि झारखंड की जनता गरीब है। लेकिन, इनकी सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के घर से नोटों का पहाड़ मिल रहा है। कांग्रेस के सांसद के घर से करोड़ों रुपए मिले। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये पैसा कांग्रेस, राजद और झामुमो का था? यह पैसा मोदी जी की ओर से झारखंड के विकास के लिए भेजा गया पैसा था। इस पैसे पर झामुमो कांग्रेस और राजद के नेताओं ने डकैती डाली है। 23 नवंबर के बाद लूटने वाले हर व्यक्ति का हिसाब होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में 43 सीटों पर चुनाव हो चुका है, 38 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। अब तक के रूझान बताते हैं कि यहां दो तिहाई बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बन रही है। जहां कहीं भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, वहां सुशासन है। वहां किसी प्रकार की अराजकता नहीं है। वहां पर कोई समस्या नहीं है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था तो मैं गोरखपुर से सांसद था। उस समय संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस और राजद झारखंड बनाने का विरोध कर रहे थे। आज कांग्रेस और राजद दोनों झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

भाजपा के 'संकल्प पत्र' की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी ने घोषणा कर दी है कि यहां भाजपा की सरकार बनते ही 21 लाख लोगों को पक्का आवास मुहैया कराएंगे। 'गोगो दीदी योजना' के तहत 2,100 रुपए हर महिला के बैंक खाते में दिए जाएंगे। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट लोगों को 2,000 रुपए हर महीने बेरोजगारी भत्ता मुहैया कराएंगे।

## न्यूज डायरी

### 77 गोवंश से भरा कंटेनर पुलिस ने जब्त किया, 19 की दम घुटने से मौत, आरोपियों की तलाश जारी





**अजमेर।** केकड़ी जिले के सरवाड़ क्षेत्र में एक गोवंश से भरा कंटेनर पुलिस ने जब्त किया। कंटेनर में 77 गोवंश इतनी बुरी तरह से ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे, दम घुटने से 19 की मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र में ग्राम खीरिया के पास शनिवार रात पुलिस ने अवैध रूप से भरा गया एक कंटेनर जब्त किया। इसमें 58 गोवंश जीवित और 19 मृत अवस्था में पाए गए। आरोपी रात का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीवित गोवंश को सरवाड़ की नंदी गोशाला में रखवाया गया है। थाना प्रभारी जगदीश चौधरी ने बताया कि शनिवार रात गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल मोहनलाल को मुखबिर से सूचना मिली कि खीरिया चौराहे पर एक कंटेनर में अवैध रूप से गोवंश भरा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां कंटेनर खड़ा मिला। कंटेनर के आस-पास कोई चालक मौजूद नहीं था।

#### ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे गोवंश

अंधेरा होने के कारण कंटेनर को सरवाड़ की नंदी गोशाला लाया गया। वहां जांच करने पर पशुओं के साथ हुई क्रूरता का हृदयविदारक दृश्य सामने आया। कंटेनर में गोवंश ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि कुल 77 गोवंश भरे गए थे, जिनमें 45 बछड़े, 6 बैल, 4 गायें और 3 बछड़ियां जीवित थीं, जबकि 18 बछड़े और एक बछड़ी मिलाकर 19 गोवंश मृत पाए गए।

#### दम घुटने से 19 की मौत

जीवित गोवंश का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें नंदी गोशाला को सौंप दिया गया। मृत गोवंश का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सालय के डॉक्टरों अशोक सुवालका, अनिल जांगिड़ और पंकज झारोटिया की टीम ने किया। इसके बाद मृत पशुओं का अंतिम संस्कार किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सुवालका ने बताया कि 19 गोवंश की मौत दम घुटने से हुई है। वहीं, 8 गोवंश घायल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने ट्रक कंटेनर को जब्त कर बिना लाइसेंस और बिना परमिट के गोवंश का परिवहन करने के मामले में गौवंश अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रक नंबर के आधार पर मालिक की तलाश कर रही है।

#### बंद वाहनों में अवैध गोवंश परिवहन

गौ तस्करों द्वारा अब बंद वाहनों का उपयोग किया जा रहा है ताकि किसी को शक न हो। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों की नियमित जांच नहीं किए जाने के कारण तस्करों के हौसले बुलंद हैं। तस्कर बंद वाहनों में गोवंश को भरकर धड़ल्ले से इनका परिवहन कर रहे हैं।

# झारखंड में 23 नवंबर के बाद 'डबल इंजन' सरकार बनेगी : चिराग पासवान



**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को झरिया और धनबाद विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि झारखंड में 23 नवंबर के बाद 'डबल इंजन' की सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा कि यहां वह कई सीटों पर चुनाव प्रचार कर चुके हैं और हर जगह लोगों के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति आस्था और विश्वास का भाव दिखा। राज्य की मौजूदा झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इनके नेताओं ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम कर दिया। राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए और पूरे राज्य को शर्मसार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' की परिकल्पना और इस दिशा में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड भी विकास की राह पर तभी आगे बढ़ पाएगा, जब यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। आने वाले पांच वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। यह रास्ता पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में ही तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी ही हैं, जिन्होंने महान आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया। दो दिन पहले उन्होंने उनकी जयंती के अवसर पर बिहार के जमुई में 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच से न सिर्फ झारखंड और बिहार, बल्कि देश के जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा।

उन्होंने दावा किया कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही अगले पांच वर्ष में सुदृढ़ तथा समावेशी विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम होगा, ताकि वंचित वर्ग के साथ सभी वर्गों का कल्याण हो सके। उन्होंने झरिया सीट पर भाजपा की प्रत्याशी रागिनी सिंह और धनबाद में राज सिन्हा को विजयी बनाने की अपील की।

# शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान करेंगे दिल्ली कूच छह दिसंबर को पैदल आगे बढ़ेगा जत्था

**पंजाब।** अपनी मांगों को लेकर पंजाब के किसान फरवरी में दिल्ली कूच के लिए निकले थे। हरियाणा में उन्हें रोक लिया गया था तब से किसान शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाए बैठे हैं। बॉर्डर बंद होने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान सभी फसलों पर एमएसपी दिए जाने की मांग को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से चंडीगढ़ में हुई बैठक के बाद आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए किसान जत्थेबंदियों ने यह फैसला किया है कि 6 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि 6 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से किसान एकजुट होकर दिल्ली की ओर पैदल मार्च करेंगे।



पंधेर ने कहा कि वह इस बार पैदल ही दिल्ली की ओर कूच करेंगे। इस दौरान किसान ट्रैक्टर और ट्राली लेकर आगे नहीं बढ़ेंगे। पंधेर ने कहा कि इसको लेकर पंजाब हरियाणा और अन्य राज्यों के किसान संगठनों को दिल्ली कूच की कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी साझा कर दी गई है और जल्द ही किसान संगठन शंभू बॉर्डर पर एकजुट होंगे।

# प्रदूषण के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार, आतिशी बोलीं: मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा जली पराली



**नई दिल्ली।** राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने की वजह पराली है। पंजाब सरकार ने 80 फीसदी पराली जलाने के मामलों को कम किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम आतिशी ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। सीएम आतिशी ने कहा कि आज मैं केंद्र सरकार से पूछना चाहती हूं कि आखिर बीते 6 से 7 सालों में पराली जलने की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। क्या केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई एक कदम उठाया। सीएम आतिशी ने कहा कि यदि पंजाब सरकार 80 फीसदी पराली जलाने के मामलों को कम कर सकती है तो फिर क्यों अन्य राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं। उत्तर भारत में कोई प्रदूषण का स्तर बढ़ चुका है। ये स्टेट ऑफ इमरजेंसी है। पराली जलाने की सबसे ज्यादा घटनाएं मध्य प्रदेश में हुई हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण की जिम्मेदार केंद्र सरकार है। पंजाब सरकार ने पराली जलाने की घटनाओं को कम करके दिखाया है, तो बाकी राज्य की सरकार क्यों नहीं कर सकती है। केंद्र सरकार पराली को लेकर राजनीति कर रही है। मेरी उनसे अपील है कि मिलकर इस समस्या से निपटा जाए। पराली को लेकर भाजपा राजनीति बंद करे।

आगे कहा कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में पराली जलाने के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन पंजाब ने पराली जलाने की घटनाओं को काम करके दिखाया है। ऐसे में अन्य राज्य जो कि भाजपा शासित है, वहां पर पराली जलाने की घटनाओं को क्यों काम नहीं किया जा रहा है। समाधान करना भाजपा की जिम्मेदारी है।

# महाराष्ट्र चुनाव में रोजगार, महंगाई और गरीबों को न्याय जैसे मुद्दे अहम साबित होंगे: राहुल गांधी



**मुंबई ।** महाराष्ट्र में राजनीतिक दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। महा विकास अघाड़ी और महायुति दोनों अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी का कहना है कि महंगाई, गरीबों को न्याय, बेरोजगारी, महिलाएं और किसानों की समस्याएं 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्य मुद्दे साबित होंगी। राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बुधवार को मतदाताओं के मन में जनता की समस्याएं और उनके टूटे हुए सपने हावी रहेंगे। कांग्रेस नेता ने बताया कि किस तरह महाराष्ट्र की संपत्ति और संसाधनों को दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा है, जिससे मराठी युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं और प्रदेश की प्रगति बाधित हो रही है। राज्य और केंद्रीय स्तर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ उन्होंने कुल सात लाख करोड़ रुपये की लागत वाली कई बड़ी परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया, जिन्हें महाराष्ट्र से बाहर अन्य प्रदेशों में स्थानांतरित कर दिया गया और पिछले कुछ वर्षों में यहां युवाओं की पांच लाख से अधिक नौकरियां भी चली गईं। उन्होंने कंपनियों का नाम लेते हुए कहा कि योजनाबद्ध निवेश से इस राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो सकते थे। राहुल गांधी ने महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घोषणापत्र को दोहराया। जिसमें गरीबों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और बीमार लोगों की मदद के लिए समाज के सभी वर्गों के लिए ढेर सारी खुशियां देने का वादा किया गया था। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक की तरह हम महाराष्ट्र में भी जाति आधारित जनगणना कराएंगे। यह देश के सामने एक बड़ा चिंता का विषय है और हमारी रणनीति का मुख्य स्तंभ है। कम से कम 50 प्रतिशत आबादी की सरकारी या निजी क्षेत्र में कोई भागीदारी नहीं है। हमें यह जानने की जरूरत है। राहुल गांधी ने आश्वासन दिया कि महा विकास अघाड़ी महाराष्ट्र के लिए 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करेगी। यह योजना लोगों की मेडिकल जरूरतों का ख्याल रखेगी।

# औरंगजेब फैन क्लब के अध्यक्ष 'उद्धव ठाकरे' को जनता ने किया खारिज : भाजपा



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई के बीकेसी मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए महायुति सरकार पर जमकर हमला बोला। दूसरी तरफ, उद्धव ठाकरे की सभा में खाली कुर्सियों का वीडियो पोस्ट करते हुए भाजपा ने पलटवार किया है। महाराष्ट्र भाजपा इकाई की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, उद्धव ठाकरे की सभा के मंच के पास खाली कुर्सियां।

मुंबईकरों ने औरंगजेब फैन क्लब के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को खारिज कर दिया है। दरअसल, मुंबई के बीकेसी मैदान में उद्धव ठाकरे ने रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) को विकसित करने का नीति आयोग का खाका बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के महत्व को कम कर मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की एक चाल है। यह एक बड़ी सजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा, अगर सत्ता में महाविकास अघाड़ी आती है तो विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) और एमएमआरडीए के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को रद्द किया जाएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य बृहन्मुंबई नगर निगम के महत्व को कम करना है। पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुंबई को महाराष्ट्र से अलग नहीं कर सकते, इसलिए वे शहर के महत्व को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। ठाकरे ने सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर निजी बिल्डरों को बड़े पैमाने पर जमीन देने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर उनका गठबंधन सत्ता में आता है, तो उनका पहला काम ऐसी परियोजनाओं से संबंधित सरकारी प्रस्तावों (जीआर) को रद्द करना होगा। उन्होंने कहा कि हम पहली कैबिनेट बैठक में ऐसी एक पुनर्विकास योजना को रद्द कर देंगे। मुंबई और पूरे राज्य में बड़ी संख्या में होर्डिंग्स को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने तीखी टिप्पणी की।

# हरियाणा के दो विधेयकों पर आपत्ति, केंद्र ने वापस लौटाए विस से पारित संगठित अपराध और शव निपटान बिल



**हरियाणा।** हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक में राज्य में होने वाले संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के कड़े प्रावधान किए गए थे। वहीं हरियाणा ऑनरेबल डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल 2024 है, जिसमें किसी भी शव के साथ प्रदर्शन, धरना या रोड जाम नहीं किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार ने हरियाणा को एक बार फिर बड़ा झटका दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा पास किए गए संगठित अपराध और शव निपटान के विधेयकों को केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान नहीं की है। दोनों ही पर आपत्ति लगाकर वापस भेज दिया है। हरियाणा सरकार सोमवार को विधानसभा में दोनों बिलों को निरस्त करने का प्रस्ताव रखेगी। हरियाणा सरकार आपत्तियों को दूर कर नए सिरे से इनका ड्रॉफ्ट तैयार करेगी।

दोनों विधेयक मार्च 2023 में हुए विधानसभा के सत्र में पारित किए गए थे और इनको राज्यपाल की मंजूरी के बाद केंद्र को भेजा गया था। इनमें हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक में राज्य में होने वाले संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के कड़े प्रावधान किए गए थे। हालांकि, कांग्रेस इस कानून के विरोध में थी। दूसरा कानून हरियाणा ऑनरेबल डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल 2024 है, जिसमें किसी भी शव के साथ प्रदर्शन, धरना या रोड जाम नहीं किया जा सकेगा। अगर कोई ऐसा करता है तो छह माह से पांच साल तक कैद व एक लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया था। दोनों विधेयकों को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई थी और इसमें संशोधन की मांग रखी थी।

#### हुड्डा की मांग पर बदला समय, आज दोपहर दो बजे शुरू होगी कार्यवाही

हरियाणा विधानसभा में तीन दिन के अवकाश के बाद सोमवार को दोपहर से कार्यवाही शुरू होगी। पिछले दिनों की भांति सोमवार को भी प्रश्नकाल नहीं होगा। विधानसभा सचिवालय की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे के स्थान पर 2 बजे से शुरू होगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मांग की थी कि विधायक दूरदराज के इलाकों से आते हैं, इसलिए देरी से कार्यवाही शुरू की जाए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सदन की पुरानी कार्यवाही का रिकॉर्ड देखने के बाद सोमवार को दोपहर दो बजे से कार्यवाही शुरू करने की स्वीकृति दे दी।

#### डीएपी किल्लत पर होगा हंगामा, कांग्रेस-इनेलो ने दिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

सोमवार को सदन में डीएपी की किल्लत को लेकर हंगामा होना तय है। कांग्रेस और इनेलो दोनों दलों ने डीएपी को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। वहीं, प्रदेश सरकार शुक्रवार को ही राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब के दौरान दावा कर चुकी है कि राज्य में खाद खासकर डीएपी की कोई कमी नहीं है। कांग्रेस और इनेलो जहां सरकार को घेरेंगे, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि मंत्री शयाम सिंह राणा खाद की उपलब्धता पर मोर्चा संभालेंगे। इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला ने राज्य में डीएपी खाद की कमी के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दे रखा है। कांग्रेस विधायक आफताब अहमद, जस्सी पेटवाड़ और शीशपाल केहरवाला ने खाद की कमी के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए थे, जिन्हें विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने एक प्रस्ताव में जोड़ दिया है। इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने राज्य में डेंगू के बढ़ रहे मरीजों व सरकार की ओर से बचाव के इंतजामों की कमी पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया है।